mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-29 अंक-290 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

22 अक्टूबर 2025 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



केशव महाराज के... @ पेज 7

## नवी मुंबई में रहवासी बिल्डिंग में आग, 4 की मौत



**मुंबई, एजेंसी।** नवी मुंबई की एक रहवासी बिल्डिंग में सोमवार रात को आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 साल की बच्ची शामिल है। 10 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। अब तक आग लगने की वजह सामने नहीं आई है।

रेस्क्यू टीम ने 15 लोगों के सुरक्षित बाहर निकाला। आग वाशी के सेक्टर 14 में रहेजा रेजिडेंसी बिल्डिंग की 10वीं मंजिल के एक फ्लैट से शुरू हुई और तेजी से 11वीं और 12वीं मंजिल तक फैल गई।

नवी मुंबई महानगरपालिका के फायर विभाग के बताया की जानकारी मिलते ही वाशी, नेरुल, ऐरोली और कोपरखैराने से कई फायर इंजन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड टीमों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।

**घायल को हीरानंदानी अस्पताल में भर्ती-** फायर विभाग के अधिकारी पुरुषोत्तम जाधव ने बताया कि चार शव बरामद किए गए, जबकि 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को फोर्टिस हीरानंदानी और एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## केरल के गुरुवायूर मंदिर के खजाने में हेराफेरी, सोने का मुकुट चांदी से बदला; सिल्वर पॉट का वजन 1.19Kg घटा



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के प्रसिद्ध कृष्ण मंदिर, गुरुवायूर मंदिर के खजाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। राज्य की ऑडिट डिपार्टमेंट ने 2019-20 और 2020-21 की अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मंदिर में सोने-चांदी और अन्य कीमती सामानों के मैनेजमेंट में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और सही प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर के अंदर दैनिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले सोने और चांदी के बर्तनों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई। इसका हिसाब रखने वाले डबल-लॉक रजिस्टर की जांच से पता चला कि इस्तेमाल के बाद मंदिर प्रबंधक, गुरुवायूर देवस्वोम को जो सामान लौटाए गए, अक्सर उनका वजन कम होता था।

कई बार तो सोने के सामान की जगह चांदी के सामान लौटा दिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोने के मुकुट की जगह चांदी का मुकुट वापस दिया गया। एक चांदी के बर्तन का वजन दस महीनों में 1.19KG कम हो गया। एक चांदी के दिए का वजन कई सौ ग्राम घट गया।

2.65KG चांदी के बर्तन की जगह सिर्फ 750 ग्राम वजन का बर्तन रख दिया गया। सबसे बड़ी चूक गुरुवायूर देवस्वोम के पुन्नथुर कोट्टा सेंचुरी में हाथी के दांतों के रख-रखाव में हुई। ऑडिट में बताया गया कि पुन्नथुर कोट्टा से जमा किए गए 530KG से ज्यादा वजन के हाथी दांत गायब हैं।

# नाबालिग के साथ यौन-अपराध में थोड़ा भी पेनिट्रेशन बलात्कार

### बॉबे हाईकोर्ट बोला- नाबालिग की सहमति होने पर भी यह जुर्म



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने पॉक्सो के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा, नाबालिग के साथ यौन अपराध में थोड़ा सा भी पेनिट्रेशन बलात्कार माना जाएगा। ऐसे मामलो में नाबालिग की सहमति का भी कोई महत्व नहीं होगा।

जस्टिस निवेदिता मेहता ने आरोपी की अपील खारिज करते हुए 10 साल की सजा और 50 हजार जुर्माने की सजा बरकरार रखी। उन्होंने कहा- बच्चियों, उनकी मां के बयानों, मेडिकल-फोरेंसिक सबूतों से जुर्म साबित हुआ है।

जस्टिस मेहता ने कहा कि 15 दिन बाद हुए मेडिकल जांच में बच्चियों के निजी अंगों



पर चोट न मिलने से आरोपी की हरकत को कोशिश मानकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि बयान भरोसेमंद थे। दरअसल, पेशे से ड्राइवर वर्धा जिले के रहने वाले 38 साल व्यक्ति ने अमरूद का लालच देकर 5 और 6 साल की दो बच्चियों को अपने पास बुलाया था। इसके बाद उन्हें अश्लील फिल्म दिखाकर उनसे गलत हरकत की थी। उसे पॉक्सो एक्ट की धारा 6 और IPC की धारा 376(2)(i) के साथ धारा 511 के तहत दोषी ठहराया गया था। आरोपी ने अपनी सजा के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**आरोपी का दावा- पारिवारिक दुश्मनी के कारण फंसाया :** आरोपी ने पारिवारिक दुश्मनी के आधार पर झूठा फंसाने का दावा किया, लेकिन कोर्ट ने इसे सबूतों के अभाव में खारिज कर दिया। FIR दर्ज करने में देरी को भी कोर्ट ने सही माना। कोर्ट ने कहा कि बच्चियां बहुत छोटी थीं और आरोपी ने उन्हें धमकाया था।

**हाईकोर्ट ने गलती सुधारी, 2014 के कानून के तहत सजा दी :** हाईकोर्ट ने अपने फैसले में ट्रायल कोर्ट की एक गलती को भी सुधारा। ट्रायल कोर्ट ने जब इस मामले में सजा सुनाई थी, तो 2019 के संशोधित POCSO एक्ट के तहत सजा दी गई थी। हाईकोर्ट ने इसे गलत बताते हुए कहा कि जब अपराध 2014 में हुआ था सजा भी उस वक्त के कानून के आधार पर मिलेगी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह अपराध 19 फरवरी 2014 को हुआ था, इसलिए उस समय के कानून के आधार पर सजा दी जानी चाहिए थी। 10 साल की सजा उस समय के कानून के अनुसार सही थी और इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है।

# बिहार में पहली बार इंडिया-एनडीए का सीएम फेस नहीं,महागठबंधन में खींचतान

### 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी उतारे, 12 जगह एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं।

300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी।

**INDIA गठबंधन में खींचतान, RJD ने आखिरी दिन लिस्ट जारी की :** दूसरे फेज के आखिरी दिन तक INDIA गठबंधन में फूट, टिकट बंटवारे पर नाराजगी और अंदरूनी बगावत दिखी। RJD ने तो नॉमिनेशन का समय खत्म होने से 7 घंटे पहले, पहली बार 143 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इससे पहले उसके प्रत्याशी नॉमिनेशन भरते रहे।

## बिहार में ओवैसी का बड़ा एलान, चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के साथ किया गठबंधन



**हैदराबाद, एजेंसी।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी ने रविवार को बिहार और तेलंगाना की राजनीति पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी, जबकि तेलंगाना के जुबली हिल्स उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार नवीन यादव को समर्थन देगी। औवेसी ने साफ कहा कि एआईएमआईएम का कोई प्रत्याशी जुबली हिल्स से चुनाव नहीं लड़ेगा। औवेसी ने बताया कि एआईएमआईएम ने पहले ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीआई(एमएल) और सीपीआई नेताओं को गठबंधन का प्रस्ताव भेजा था। पार्टी ने तेजस्वी यादव को छह सीटें देने का अनुरोध किया था, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब किसी ने सहयोग नहीं किया, तो हमने खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया। अब हम चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरेंगे।

## प्रत्याशी की नाम वापसी पर बिफरे प्रशांत किशोर; धर्मेंद्र प्रधान पर लगाया आरोप, तस्वीरें दिखाई



**पटना, एजेंसी।** प्रशांत किशोर के निशाने पर अब भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के नेता हैं। प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी के एक प्रत्याशी को बरगलाने, धमकाने, समझाने और दबाव देकर नामांकन वापस कराने का आरोप लगाया है। इस मुलाकात की तस्वीरें भी पीके ने जारी की है। प्रशांत किशोर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत भाजपा नेताओं पर पार्टी के प्रत्याशियों को धमका कर और दबाव डालकर नामांकन वापस कराने का बड़ा आरोप लगाया है। आज सोमवार को शेखपुरा हाउस में प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने दानापुर, गोपालगंज और ब्रह्मपुर से जन सुराज प्रत्याशियों के नामांकन वापसी कराने को भाजपा का डर बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की छवि बनी है कि कोई भी जीते, सरकार यही बनायेंगे। जन सुराज को अभी तक वोटकटवा पार्टी बोलने वाले भाजपा को अब सबसे ज़्यादा डर जन सुराज से ही लग रहा है। पहला केस दानापुर का है। यहां महागठबंधन से बाहुबली अपराधी नेता जेल से चुनाव लड़ते हैं। जनता ने इन बाहुबलियों से डर कर तय किया कि इस बार वहीं के व्यवसायी अखिलेश उर्फ़ मुकुल शाह को जन सुराज से टिकट दिलाया जाए। उन्होंने मनोज भारती जी के हाथ से सिंबल लिया लेकिन नामांकन करने नहीं पहुंचे। भाजपा वाले बताते रहे कि राजद के गुंडों ने उन्हें बंधक बना लिया है।

### मोदी बोले- ऑपरेशन सिंदूर में अन्याय का बदला लिया

# दीपावली पर देश के नाम लेटर में श्री राम से प्रेरणा लेने की बात कही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के नाम अपने पत्र में लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा- यह दीपावली अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद दूसरी दीपावली है।

पीएम ने भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मोदी ने कहा कि राम हमें धर्म और न्याय के रास्ते पर चलने और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देते हैं। मोदी ने लेटर में हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया।

मोदी ने देश के कई जिलों, विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद के खात्मे को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस दीपावली पर इन क्षेत्रों में पहली बार दीप जलाए जाएंगे, जो शांति और विकास का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं और भारत के संविधान में विश्वास जता रहे हैं। यह देश के लिए एक बड़ा कदम है।

**मोदी बोले- आने वाले दिनों में हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होंगे :** प्रधानमंत्री ने हाल ही में शुरू हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन कम जीएसटी दरें लागू की गई, जिसके तहत जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से देशवासियों को हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई मुश्किलों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।



### मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया

मोदी ने कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में, एक नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने नागरिकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि हर आदमी की छोटी-सी कोशिश देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। मोदी ने अपने लेटर में लोगो के लिए कुछ सुझाव दिए-

- **स्वदेशी को अपनाएं :** स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और गर्व के साथ कहें, यह स्वदेशी है।
- **एक भारत, श्रेष्ठ भारत :** सभी भाषाओं का सम्मान करें और एकता की भावना को मजबूत करें।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** स्वच्छता को अपनाएं, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खाने में तेल का उपयोग 10% कम करें।
- योग को जीवन का हिस्सा बनाएं- योग को अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें।
- **तेल का उपयोग कम करें :** अपने भोजन में तेल का उपयोग 10% कम करें।

# जयराम रमेश बोले-ट्रम्प ने भारतीय विदेश मंत्रालय को नजरअंदाज किया

### कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 5 दिन में 3 बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावे पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा- ट्रम्प ने पिछले 5 दिन में 3 बार भारत के रूस से तेल इम्पोर्ट का मुद्दा उठाया, इसमें कोई शक नहीं कि वे इस हफ्ते बुडापेस्ट में पुतिन से मुलाकात से पहले इस बात को और दोहराएंगे।

उन्होंने कहा- राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि उन्होंने अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी से बात की



और भारत ने रूस से तेल इम्पोर्ट रोकने का विश्वास दिलिया। भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने ऐसी किसी बातचीत की जानकारी होने से इनकार किया है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंत्रालय की इस बात को नकार दिया।

दरअसल, 15 अक्टूबर को ट्रम्प ने दावा किया था कि उनकी पीएम मोदी से फोन पर बात हुई। इसमें पीएम मोदी ने ट्रम्प को आश्वासन दिया कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। अगले दिन भारतीय विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच कोई बातचीत नहीं हुई।


# राजनाथ बोले- सेना और पुलिस अलग, मिशन एक राष्ट्रीय सुरक्षा

### पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पहुंचे, शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर मंगलवार सुबह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने खुद गृह मंत्री के रूप में काम किया है। मुझे पुलिस के कार्यों को करीब से देखने का अवसर मिला है। इसके अलावा, रक्षा मंत्री के रूप में, मुझे सेना की कार्रवाइयों को भी करीब से देखने का अवसर मिला है।

उन्होंने आगे कहा- दुश्मन



कोई भी हो, चाहे वह सीमा पार से आए या हमारे बीच छिपा हो, भारत की सुरक्षा के लिए खड़ा आदमी एक ही भावना से भरा है। राजनाथ सिंह ने कहा, सेना और पुलिस के मंच अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन उनका मिशन एक ही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा है।

**राजनाथ सिंह ने कहा-** आज त्याग को याद करने का दिन है। समाज और पुलिस दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। पुलिस बलों के कंधों पर पूरे समाज की जिम्मेदारी है। समाज और पुलिस के बीच संतुलन जरूरी है। इसके लिए नागरिकों को भी उत्तरदायी होना चाहिए।

**राजनाथ सिंह ने आगे कहा-** एक्सटर्नल सिक्योरिटी के लिए भी पुलिस जरूरी है। सेना और पुलिस देश के दो हिस्से हैं। सेना और पुलिस का मकसद एक ही है। जब हम 2047 के विकसित भारत के लिए तैयार हो रहे हैं, तब पुलिस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

**राजनाथ बोले-** अपराध के साथ पुलिस धारणाओं से भी लड़ रही

**राजनाथ सिंह ने देश में होने वाले अपराधों पर भी बात की। उन्होंने कहा-** पहले अपराध सिर्फ चोरी जैसे होते थे, अब अपराध में डिजिटल चोरियां भी शामिल हो गई हैं।



# तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के 3 राज्यों में भारी बारिश

### थूथुकुडी में लगातार तीसरे दिन बाढ़ जैसे हालात; 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली/चेन्नई/ बेंगलुरु/ हैदराबाद, एजेंसी।** तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। सबसे ज्यादा तमिलनाडु प्रभावित है। यहां मंगलवार को राज्य में 11.7 मिमी बारिश हुई। थूथुकुडी में लगातार तीसरे दिन बाढ़ जैसे हालात हैं। इसके अलावा चेन्नई के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई इलाकों में पानी भर गया। सड़कों पर से निकलने में लोगों को मुश्किल हुई।

कल चेन्नई एयरपोर्ट के रनवे पर भी पानी भर गया था। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि दक्षिण-पूर्व अरब सागर और लक्षद्वीप के ऊपर बने कम दबाव के कारण बारिश हो रही है। राज्य के 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आज अलर्ट का दूसरा दिन है।

IMD ने बताया कि रविवार से ही केरल और लक्षद्वीप में भी बारिश हो रही है। अगले सात दिनों में तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी तेज बारिश की संभावना है। बेंगलुरु में 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक भारी बारिश की संभावना है। इसके लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

**केरल में भारी बारिश एक की मौत-** केरल में सोमवार को इडुक्की, एर्नाकुलम, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में भारी बारिश के बाज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इडुक्की जिले में रविवार को भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मलप्पुरम के वझिक्कडावू में कई सड़कें और 50 घर पानी में डूब गए। गुडालूर-कोझिकोड रोड पर यातायात भी प्रभावित हुआ। जिले की करकोडम, कलक्कड और आतिथोड नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है।

IMD ने बताया कि रविवार से ही लक्षद्वीप में भारी बारिश हो रही है। अगले सात दिनों में तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी तेज बारिश की संभावना है।

# अभिनेता असरानी के निधन पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसिद्ध हास्य अभिनेता गोवर्धन असरानी का सोमवार शाम को निधन हो गया। उन्होंने 84 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और फिल्म जगत की कई हस्तियों ने अभिनेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि गोवर्धन असरानी के निधन से अत्यंत दुःखी हूं। एक प्रतिभाशाली मनोरंजनकर्ता और वास्तव में बहुमुखी कलाकार, जिन्होंने विभिन्न पीढ़ियों के दर्शकों का मनोरंजन किया। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।



गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि अभिनेता असरानी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्होंने जीवन भर भारतीय सिनेमा में योगदान दिया और लोगों को हंसाकर लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई। भगवान उन्हें शांति दे और परिवार वालों को दुख सहने की शक्ति।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि प्रसिद्ध चरित्र कलाकार असरानी के निधन पर दुख हुआ। एक निपुण अभिनेता और कॉमेडी के उस्ताद, उनकी टाइमिंग, बहुमुखी प्रतिभा और आकर्षण ने पीढ़ियों को खुशी दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अभिनेता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता गोवर्धन असरानी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनकी अदाकारी ने दशकों तक लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शोले में अपने किरदार से पहचान बनाने वाले फिल्म अभिनेता एवं जयपुर के रहने वाले गोवर्धन असरानी के निधन का समाचार दुखद है। फिल्म करियर में उनके द्वारा निभाए गए अनेक किरदारों को हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि असरानी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। पांच दशकों के अपने शानदार करियर में उन्होंने बेजोड़ हास्य और सहज अभिनय से लाखों दर्शकों को हंसाया। अंग्रेजों के जमाने के जेलर जैसे उनके किरदारों ने भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी। उनके निधन से फिल्म उद्योग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।


वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि महान अभिनेता गोवर्धन असरानी के निधन से अत्यंत दुखी हूं। उनकी अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा और अद्वितीय हास्य शैली ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। भारतीय सिनेमा की स्वर्णिम विरासत में उनका अभिनय हमेशा अमर रहेगा।

अभिनेता अनुपम खेर ने असरानी को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि पिछले ही हफ्ते दोनों के बीच बातचीत हुई थी और असरानी उनके एक्टिंग स्कूल में मास्टरक्लास लेने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा, असरानी सिर्फ एक हास्य अभिनेता नहीं, बल्कि एक उम्दा शिक्षक भी थे। उन्होंने एफटीआईआई में पढ़ाया और कई कलाकारों को निखारा। खेर ने लिखा, प्रिय असरानी अपने व्यक्तित्व से दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए धन्यवाद। पर्दे पर और पर्दे के पीछे हम आपको याद करेंगे।

अभिनेता अक्षय कुमार ने एक्स पोस्ट में लिखा कि असरानी के निधन की खबर से सदमे में हूं। पिछले हफ्ते ही हैवान की शूटिंग के दौरान हम मिले थे और गले लगे थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग बेजोड़ थी।

# दिल्ली पुलिस का एक्शन

## जेएनयू के छह छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज



**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छह छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। इनमें छात्र संघ के तीन पदाधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस के साथ छात्रों की झड़प के एक दिन बाद हुई।

वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस थाने तक विरोध मार्च के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। हिरासत में लिए गए छात्रों में जेएनयू (जेएनयूएसयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार, उपाध्यक्ष मनीषा, महासचिव मुन्तेहा फातिमा और छात्र मणिकांत पटेल, ब्रिटी कार और सौर्य मजूमदार शामिल हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए छात्रों से बॉन्ड भरवाया गया है। इस बॉन्ड के अनुसार, छात्रों को कानूनी तौर पर बुलाए जाने पर जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। उन्हें शहर छोड़ने से पहले पुलिस को सूचित करना होगा। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

28 अन्य छात्रों को दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 65 के तहत हिरासत में लिया गया और बाद में चिकित्सा परीक्षण के बाद रिहा कर दिया गया। पुलिस का आरोप है कि नेल्सन मंडेला मार्ग पर छात्रों द्वारा कथित तौर पर बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया गया, यातायात बाधित करने की भी कोशिश हुई। इस दौरान पुलिस और छात्रों की झड़प हो गए। इसमें छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# कृत्रिम बारिश से प्रदूषण पर नियंत्रण का दिल्ली सरकार का वादा खोखला साबित हुआ: भारद्वाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दीपावली के बाद कृत्रिम बारिश करवाने का जो वादा किया था, वह खोखला साबित हुआ।

भारद्वाज ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने दावा था कि दीपावली के बाद कृत्रिम बारिश कराकर प्रदूषण पर नियंत्रण किया जाएगा, लेकिन आज तक कोई बारिश नहीं हुई। उन्होंने सवाल किया कि अगर सरकार के



पास यह तकनीक और योजना थी, तो उसे लागू क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से दिल्ली के लोग सांस लेने में कठिनाई झेल रहे हैं, बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं, फिर भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही यह दिखाती है कि उसे जनता के स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार चाहती है कि लोग बीमार हों ताकि निजी अस्पतालों को इसका लाभ मिले उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता अब सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि ठोस नतीजों की उम्मीद करती है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति छोड़कर सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि यह केवल एक राजनीतिक नहीं बल्कि स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा मुद्दा है।

# आतिशबाजी के बीच धुएं से घिरी

## 36 एक्यूआई स्टेशन रेड जोन में पहुंचे, कई इलाकों में आंकड़ा 400

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिवाली की रात आतिशबाजी के कारण वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से खराब हो गई है। 38 में से 36 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में दर्ज हुए, जो बेहद खराब से गंभीर श्रेणी तक हैं। चार इलाकों द्वारका, अशोक विहार, वजीरपुर और आनंद विहार में एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच गया। सोमवार का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 345 रहा, जो रविवार से अधिक है, जिससे और प्रदूषण बढ़ने की चिंता बढ़ गई है।

**चार इलाकों में एक्यूआई 400 के पार:** रात 10 बजे दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 344 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। वहीं, चार स्टेशन गंभीर श्रेणी (400 से ऊपर AQI) में पहुंचे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित समीर एप (SAMEER APP) के अनुसार, ये चार स्टेशन द्वारका (417), अशोक विहार (404), वज़ीरपुर (423) और आनंद विहार (404) थे। दिल्ली का 24 घंटे का औसत, जो हर दिन शाम चार बजे रिपोर्ट किया जाता है, सोमवार को 345 रहा, जो रविवार के 326 की तुलना में अधिक था। दोपहर में 38 में से 31 स्टेशनों ने बेहद खराब और तीन ने 'गंभीर' वायु गुणवत्ता दर्ज की।

**हालात और बिगड़ने की आशंका:** अनुमान है कि मंगलवार और बुधवार को वायु गुणवत्ता और अधिक बिगड़कर व्यापक रूप से गंभीर श्रेणी में जा सकती है। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई का वर्गीकरण इस प्रकार है- 0-50 अच्छा, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बेहद खराब और 401-500 गंभीर। निर्णय सहयोग प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को दिल्ली के वायु प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी 15.6 फीसदी रही, जबकि उद्योगों सहित अन्य कारकों का योगदान 23.3 फीसदी रहा।

**सुप्रीम कोर्ट ने दी थी ग्रीन पटाखों की अनुमति:** रविवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के चरण-2 को लागू कर दिया। यह निर्णय शनिवार को तत्रक्की उप-समिति की समीक्षा बैठक और भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) के पूर्वानुमानों के आधार पर लिया गया। 15 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति दी थी, जो दिवाली की पूर्व संध्या और दिवाली के दिन सुबह छह बजे से सात बजे और रात आठ बजे से दस बजे के बीच तय की गई थी।

# तकनीक के साइड इफेक्ट

## वर्चुअल बधाइयों के बीच घटती नजदीकियां, अपनापन स्क्रीन तक सीमित, ऑनलाइन गिफ्टिंग का चलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीयों की लौ में चमकने वाले रिश्ते अब मोबाइल स्क्रीन की रोशनी में धुंधले पड़ गए हैं। दिवाली की बधाइयां अब इमोजी और फॉरवर्ड मैसेज तक सिमट गई हैं। डिजिटल युग ने त्योहारों को जितना चकाचौंध बना दिया हैं उतना ही रिश्तों में अपनापन छीन लिया है।



बाजार जगमगा रहे हैं, ऑनलाइन स्टोर पर ऑफर की बाढ़ है, मोबाइल नोटिफिकेशन लगातार हैप्पी दिवाली के संदेशों से भरे हैं। हैप्पी दिवाली के मैसेज इतने हैं कि देखने की फुर्सत नहीं लेकिन दिल सूना है और बचपन की उस दिवाली को याद करता है जब संसाधन कम थे लेकिन रिश्तों में अपनापन था।

**दिलों के बीच जमी धूल हटाना है दिवाली का मकसद:** दिवाली का असली अर्थ सिर्फ घरों की सफाई या दीयों की रोशनी नहीं, बल्कि दिलों के बीच जमी धूल हटाना है। डिजिटल युग ने हमें जोड़ा जरूर है पर असली रोशनी अब भी परंपरा और अपनों के बीच है जब आप सामने बैठकर किसी को मिठाई खिलाते हैं और बिना नेटवर्क के भी आपस में मुस्कुराहट बांटते हैं।

**बिन मिले जब दिवाली अधूरी मानी जाती थी:** कभी दिवाली का मतलब था घर-घर जाकर मिठाई बांटना, बड़ों के पैर छूना, दोस्तों संग रात भर हंसी-मजाक। आज वो मुलाकातें वीडियो कॉल तक सिमट गई हैं। डिजिटल दौर में घर जाकर मिलने की बजाय लोग रेपिडो, ओला, पोर्टर, जिनी और देल्हीबेरी जैसे पार्सल डिलीवरी एप पर निर्भर हैं। इस दिवाली गिफ्ट हैंपर और मिठाइयों को पार्सल एप के जरिये अपने करीबियों को भेजे जा रहे हैं। बदरपुर में रहने वाली कमलेश देवी ने बताया कि वो दिवाली पर अपने हाथों से बनाई मिठाई कुरियर करेंगी। मेरी बहन मुझसे 30 किलोमीटर दूर रहती है, बावजूद इसके मैं हर दिवाली उसे मिठाई और तोहफे देकर आता था। इसी बहाने हम मिल लिया करते थे लेकिन अब उम्र निकल गई है। बेटे और बहु ने ऑनलाइन गिफ्ट ऑर्डर कर दिया है। दिवाली से पहले डिलीवर हो जाएगा। -रमेश साह, मयूर विहार

**संबंधों की बैलेंस शीट:** डिजिटल दिवाली ने समय बचाया, दूरी घटाई, और नई पीढ़ी को जोड़े रखा लेकिन यही तकनीक रिश्तों में ठंडापन ला रही है।पहले रिश्ते निभाने में जहां मेहनत लगती थी, अब फॉरवर्ड टू ऑल ने सब आसान कर दिया है। दिल्ली के एक आईटी प्रोफेशनल आदित्य कहते हैं, कि हर साल दिवाली पर घर जाता था, लेकिन इस बार प्रोजेक्ट की डेडलाइन है। परिवार के साथ वीडियो कॉल पर पूजा करूंगा। तकनीक ने सुविधा दी है, लेकिन साथ होने का एहसास नेटवर्क कनेक्शन पर निर्भर है।

**ऑनलाइन गिफ्टिंग, भावनाओं की नई डिलीवरी:** पहले लोग सोच-समझकर गिफ्ट चुनते थे, अब एड टू कार्ट और सेन्ड गिफ्ट पर सब कुछ हो जाता है। कई ई-कॉमर्स कंपनियां इस बदलाव को इमोशनल टेक्नोलॉजी कह रही हैं, लेकिन सच यह है कि गिफ्ट की जगह अब गिफ्ट लिंक भेजे जा रहे हैं। दिल्ली के लक्ष्मी नगर की रहने वाली संध्या ने बताया, भाभी ने मिठाई के बजाय ऑनलाइन वाउचर भेजा है। अच्छा लगा, पर वो मिठास जो हाथों से दिए गिफ्ट में होती थी, उसकी बात ही अलग थी।

**वर्चुअल पूजा और डिजिटल दान:** ऑनलाइन आरती, ई-दान और वर्चुअल पूजा की परंपरा भी तेजी से बढ़ी है। देशभर के मंदिर अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आरती दिखा रहे हैं। ज्योतिषाचार्य ऋतु सिंह ने बताया, कि उनके कई ऐसे जजमान हैं, जो विदेश में रहते हैं। वहां बमुश्किल ही पंडित मिलते हैं। ऐसे में वो ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जुड़कर पूजा संपन्न कराते हैं। यहां से संकल्प के मंत्रोच्चारण होते हैं, वहां संकल्प लिए जाते हैं। वहीं कूरियर के माध्यम से प्रसाद भेज दिया जाता हैं।

# दिल्ली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में हादसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में बीती देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक इमारत में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने के प्रयास में जुट गईं। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग पर काबू पाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल आग अभी पूरी तरह से बुझाई नहीं जा सकी है और दमकल कर्मी लगातार आग की बढ़ती लपटों को नियंत्रित करने में लगे हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।


# गाजा में दो इजराइली सैनिकों की हत्या, आईडीएफ का ताबड़तोड़ हमला, 45 की मौत

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** गाजा में रविवार को दो इजराइली सैनिकों की हत्या के बाद इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ताबड़तोड़ हमले किए। आईडीएफ के हमलों में कम से कम 45 लोग मारे गए। अमेरिका ने हमास और इजराइल के बीच लागू युद्धविराम को टूटने से बचाने के लिए हस्तक्षेप किया है। इजराइल ने कहा कि वह युद्धविराम की शर्तों को मानेगा पर उसे छेड़ा गया तो वह जवाब देगा।

द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों पर हुए घातक हमले के बाद इजराइल ने भी भीषण हमले किए। कहा जा रहा है कि 10 अक्टूबर को लागू हुए



युद्धविराम के एक हफ्ते बाद इस युद्धविराम को टूटने से बचाने के लिए वाशिंगटन ने हस्तक्षेप किया। रिपोर्ट के अनुसार, सुबह राफाह क्षेत्र में फिलिस्तीनी आतंकवादी गुटों ने सैनिकों पर हमला किया। इस हमले में इजराइल के दो सैन्य



अधिकारी मेजर यानिव कुला (26) और स्टाफ सार्जेंट इते यावेत्ज मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। आईडीएफ ने इस हमले के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया और जवाब में आतंकवादी समूह के खिलाफ भीषण हमले शुरू कर दिए। रात को आईडीएफ ने घोषणा की कि, राजनीतिक स्तर के निर्देशों पर हमलों के बाद उसने संघर्ष विराम का पालन शुरू कर दिया है। हमले करने की नौबत हमास के संघर्ष विराम का उल्लंघन करने से आई। आईडीएफ ने जोर देकर कहा कि इजराइल संघर्ष विराम समझौते का पालन करता रहेगा और किसी भी उल्लंघन का कड़ा जवाब देगा। आईडीएफ की यह घोषणा 20 ठिकानों पर हमला करने के बाद आई। हमास की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजराइल के हमलों में 45 लोग मारे गए। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मर्श किया।

# ईरान ने रद्द किया परमाणु निरीक्षण समझौता, आईएईए के प्रयासों को झटका

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के साथ सितंबर में किए गए सहयोग समझौते को रद्द कर दिया है। यह जानकारी देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने सोमवार को राज्य मीडिया के हवाले से दी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब करीब तीन सप्ताह पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरकची ने चेतावनी दी थी कि यदि पश्चिमी देशों ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू किया, तो तेहरान यह समझौता खत्म कर देगा। पश्चिमी देशों ने पिछले महीने प्रतिबंधों को पुनः लागू किया था, जिसके बाद ईरान ने यह कदम उठाया। लारिजानी ने अपने इराकी समकक्ष के साथ बैठक के दौरान कहा, यह समझौता रद्द कर दिया गया है।

यह घटनाक्रम आईएईए के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि एजेंसी जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद से तेहरान के साथ सहयोग बहाल करने की कोशिश कर रही थी। इस समझौते के तहत आईएईए को ईरान के परमाणु स्थलों का निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित कर सके कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। विश्लेषकों का मानना है कि इस फैसले से पश्चिम और तेहरान के बीच तनाव और बढ़ेगा, और मध्य पूर्व में सुरक्षा अस्थिरता की आशंका और गहरी हो सकती है।

# चीन की जीडीपी इस साल की तीन तिमाही में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत बढ़ी, चुनौती बरकरार

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में इस साल की पहली तीन तिमाही में सालाना आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बावजूद इसके देश की अर्थव्यवस्था के सामने चुनौती बरकरार है। तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यह वृद्धि 4.8 प्रतिशत है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की आज की रिपोर्ट में राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) के आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष के पहले नौ महीनों में चीन की जीडीपी साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत बढ़कर 101.5036 ट्रिलियन युआन (14.24 ट्रिलियन डॉलर) हो गई। यह दर्शाता है कि चीन की अर्थव्यवस्था ने बाहरी दबावों का सामना किया है। बावजूद इसके अर्थव्यवस्था मजबूत लचीलेपन और जीवंतता के साथ स्थिर विकास की प्रवृत्ति के अनुरूप रही। एनबीएस के सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहली तीन तिमाही में औद्योगिक उद्यमों के मूल्यवर्धन में साल-दर-साल 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उपकरण निर्माण उद्योग के मूल्यवर्धन में 9.7



प्रतिशत की वृद्धि हुई और उच्च-तकनीकी विनिर्माण क्षेत्र में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह बड़े औद्योगिक उद्यमों की समग्र वृद्धि से क्रमशः 3.5 और 3.4 प्रतिशत अंक अधिक है। एनबीएस के अनुसार, उत्पादों के आधार पर 3डी प्रिंटिंग उपकरण, औद्योगिक रोबोट और नवीन ऊर्जा वाहनों का उत्पादन क्रमशः 40.5 प्रतिशत, 29.8 प्रतिशत और 29.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

पहले नौ महीनों में उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 36.5877 ट्रिलियन युआन तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इनमें से ऑनलाइन खुदरा बिक्री 11.2830 ट्रिलियन युआन रही। यह पिछले साल की तुलना में 9.8 प्रतिशत अधिक है। बड़े उपभोक्ता वस्तुओं के लिए सरकार की विशेष ट्रेड इन नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। घरेलू उपकरणों और दृश्य-श्रव्य उपकरणों, फर्नीचर, संचार उपकरणों और सांस्कृतिक एवं कार्यालय आपूर्ति की खुदरा बिक्री में क्रमशः 25.3 प्रतिशत, 21.3 प्रतिशत, 20.5 प्रतिशत और 19.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पहली तीन तिमाही में राष्ट्रीय अचल संपत्ति निवेश 37.1535 ट्रिलियन युआन रहा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 0.5 प्रतिशत कम है। एनबीएस के अनुसार, अचल संपत्ति विकास निवेश को छोड़कर, अचल संपत्ति निवेश में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एनबीएस के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से ही वैश्विक आर्थिक विकास सुस्त रहा। इसकी वजह दुनिया में व्यापार संरक्षणवाद का बोलबाला है। भू-राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संघर्ष है।

प्रवक्ता ने कहा, इन उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए हमें यह भी मानना होगा कि बाह्य अनिश्चितता और अस्थिरता अभी भी महत्वपूर्ण बनी हुई है। वैश्विक व्यापार और आर्थिक विकास बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में घरेलू संरचनात्मक विरोधाभास अभी भी स्पष्ट हैं। कुछ उद्यमों को परिचालन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जहां सभी धर्म सम्मान और सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में रहें। बिलावल ने हिन्दू समुदाय के पाकिस्तान के सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन में अमूल्य योगदान की सराहना की। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी और मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने भी हिन्दू समुदाय को शुभकामनाएं दीं।इसके बाद हमास को कड़ा जवाब देने का फैसला किया गया। इजराइल के एक अधिकारी ने कहा कि अभी भी सक्रिय भूमिगत सुरंगों में हमास के आतंकवादी छुपे हुए हैं। बोलीविया के अखबार जोरनाडा की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक परिणामों की जानकारी मिलने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्विरोगा ने कहा कि वह जनमत का सम्मान करते हैं। लापाज के एक होटल में पहुंचे उनके समर्थकों ने चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए। क्विरोगा ने उनसे शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह पीड़ा समझते हैं पर धोखाधड़ी के सबूत नहीं हैं। क्विरोगा ने कहा, मैंने जीवन में सीखा है कि कोई भी जीत स्थायी नहीं होती। कोई भी हार आपको तोड़ नहीं सकती। कोई भी विपत्ति आपको घुटने टेकने पर मजबूर नहीं कर सकती। क्विरोगा ने कहा कि उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है।

# दिल्ली में दिवाली की रात दमकल को आग से संबंधित 269 कॉल मिली, कोई बड़ी दुर्घटना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली की रात दिल्ली दमकल विभाग को आग लगने की कुल 269 कॉल प्राप्त हुई। राहत की बात यह रही कि इतनी अधिक संख्या में कॉल आने के बावजूद कहीं कोई बड़ा हादसा, जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं मिली।

दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान विभाग पूरी तरह हाई अलर्ट पर रहा। सभी दमकल स्टेशन और क्विक रेस्पॉन्स टीमों को शहर भर में तैनात किया गया था। अधिकारी के अनुसार, ÷हमारे पास रात 12 बजे तक 269 कॉल आईं। सौभाग्य से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। ज्यादातर कॉल्स पटाखों और दीयों से लगी छोटी आग से संबंधित थीं। पिछले साल के मुकाबले इस बार आग की कॉल ज्यादा है। पिछले साल 300 से ज्यादा कॉल थी। दमकल के अनुसार दीपावली की रात आग की दो बड़ी कॉल सामने आई। पहली कॉल पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में सोमवार रात एक चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। हादसे में दमकल की टीम ने सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।दमकल अधिकारी ने बताया कि रात 10 बजकर 1 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। आग इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर लगी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग पटाखों की वजह से घरेलू सामान में लगी। सूचना मिलते ही मौके पर छह दमकल की गाड़िया भेजी गई और करीब 11:30 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। वहीं, दूसरी घटना संजय गांधी ट्रास्पोर्ट की है। दमकल विभाग के अनुसार बीती रात करीब एक बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि संजय गांधी ट्रांस्पोर्ट नगर में आग लग गई है।

## जिले की गौशालाओं में हुआ गोवर्धन पूजा का गरिमामय आयोजन

# गौ माता हमारी संस्कृति और खेती दोनों की आधारशिला : रीती पाठक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले की सभी गौशालाओं में गोवर्धन पूजा का आयोजन गरिमामय एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ किया गया। इसी क्रम में विधायक सीधी रीती पाठक ने ग्राम पंचायत भेलकी खुर्द में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित जनों को संबोधित किया।





इस अवसर पर विधायक रीती पाठक ने गोवर्धन महाराज एवं गौ माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली हेतु प्रभु श्रीकृष्ण से प्रार्थना की। अपने उद्बोधन में विधायक रीती पाठक ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में प्रकृति, पशुधन और भूमि के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और प्राकृतिक खेती का मूल आधार भी।

गौमूत्र, गोबर और जैविक अपशिष्ट से बनने वाले जैविक खाद और जीवामृत न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं, बल्कि फसलों को स्वस्थ और रासायनिक-मुक्त बनाते हैं। हमें अपने खेतों में पुनः प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए ताकि धरती माँ की उर्वरा शक्ति बनी रहे और हमारे अन्नदाता आत्मनिर्भर बनें।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गौ-संवर्धन, गौधन संरक्षण और प्राकृतिक कृषि के प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह पर्व हमें इस बात की भी याद दिलाता है कि जब तक हम अपनी गायों, खेतों और पर्यावरण की रक्षा करेंगे, तब तक हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहेगी।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सरपंच रघुनाथ कोल, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, योगेन्द्र सिंह, श्री कांत तिवारी, अमरीश कुमार यादव, अर्जुन सिंह, पप्पू गहरवार, रण बहादुर सिंह, आनंद तिवारी, सत्यभान मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दिवंगत पुलिस-आर्मी जवानों एसपी ने किया सैल्यूट, पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि; जवानों के नाम पुकार कर किया याद







**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस सेवा के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने की। उन्होंने देश भर के शहीद पुलिस कर्मियों के नाम पढ़े और शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा सलामी दी। इसके बाद, कार्यक्रम में मौजूद अन्य अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर गौरव बेनल, महापौर रानी अग्रवाल और नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सिंगरौली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दिलीप शाह भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 21 अक्टूबर को देश भर में पुलिस सेवा के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिन %सेवा, सुरक्षा और समर्पण% के प्रति अमर शहीद पुलिस कर्मियों के सम्मान में समर्पित है।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 9वीं एवं 11वीं कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 23 तक बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट सीधी के प्राचार्य डॉ. डी. के. त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि अब 23 अक्टूबर 2025 कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि सीधी जिले के वे छात्र जो अभी तक आवेदन नहीं भर पाए हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। अब सभी पात्र विद्यार्थी 23 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन अवश्य भरें।

प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि सीधी जिले में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र 9वीं प्रवेश परीक्षा के लिए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वहीं, कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र 11वीं प्रवेश परीक्षा के लिए लिंक से ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन भरने के बाद यदि किसी विद्यार्थी को अपने आवेदन में कोई सुधार (ब्वततमबजपवद) करना हो, तो इसके लिए करेक्शन विंडो 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक खुली रहेगी। इस अवधि में विद्यार्थी संबंधित लिंक पर जाकर आवश्यक संशोधन कर सकते हैं।

प्राचार्य ने जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचा जा सके।

## कर्तव्यपरायण शौर्य को सलाम शहीदों की अमर स्मृति को समर्पित पुलिस स्मृति दिवस परेड में गरिमापूर्ण रूप से सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कर्तव्यपरायण शौर्य को सलाम इसी भाव के साथ सीधी पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन अत्यंत भावपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। यह दिवस उन वीर शहीदों की अमर स्मृति को समर्पित रहा, जिन्होंने कर्तव्यपालन के दौरान राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च बलिदान दिया।



कार्यक्रम के दौरान विगत एक वर्ष में शहीद हुए सशस्त्र बल एवं पुलिस बल के जवानों की नामावली का सम्मानपूर्वक वाचन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जवानों एवं नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पुलिस बल द्वारा वीरगति को प्राप्त जवानों को सलामी दी गई। इसके उपरांत शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया।

**शहीदों की स्मृति में लक-दक श्रद्धा संचरण:** इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद परिवारों को सम्मानित करते हुए उनके साहस, त्याग और धैर्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीदों का शौर्य राष्ट्र की धरोहर है और उनका बलिदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

इस अवसर पर सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि इन वीर सपूतों का साहस, समर्पण और त्याग सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी शहीदों को कोटि-कोटि नमन है। विधायक सीधी रीती पाठक ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि यह दिन हमें कर्तव्य, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को दृढ़ करने की प्रेरणा देता है। शहीदों का बलिदान हम सबके लिए मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, देव कुमार सिंह चौहान, होमगार्ड कमांडेंट एल. बी. कोल, पत्रकार बंधुगण एवं शहीद परिजन उपस्थित रहे।

यह सम्पूर्ण आयोजन पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आयोजन दायित्व भी रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे द्वारा प्रभावी रूप से निभाया गया।

**राष्ट्रसेवा का संकल्प:** इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस बल एवं नागरिकों ने एक स्वर से संकल्प लिया कि वे शहीदों के आदर्शों, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की भावना से प्रेरित होकर समाज में शांति, सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।

## सीधी के संजय टाइगर रिजर्व में भालू शावक की मौत, ट्रेन की चपेट में आया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक भालू के शावक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह भदौरा-मड़वास रेलवे ट्रैक के बीच हुई। यह एक सप्ताह के भीतर वन्यजीवों के साथ हुई दूसरी ऐसी घटना है।

दरअसल, लगभग एक साल का यह शावक रेल पटरी पार कर रहा था, तभी कटनी-सिंगरौली रेलमार्ग से गुजर रही एक तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। शावक की मौके पर ही मौत हो गई।

**मड़वास बफर जोन क्षेत्र में हादसा:** सूचना मिलते ही संजय टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और भालू के शव को अपने कब्जे में लिया। प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। यह हादसा मड़वास बफर जोन क्षेत्र में हुआ है।वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, यह एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना है। कुछ दिन पहले भी इसी क्षेत्र में एक वयस्क भालू की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। इन लगातार हो रही घटनाओं ने वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**अंडरपास या ओवरब्रिज जैसी संरचनाएं बनाने की मांग:** स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि कटनी-सिंगरौली रेलवे लाइन का एक बड़ा हिस्सा संजय टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन से होकर गुजरता है, जिससे जंगली जानवरों के जीवन पर लगातार खतरा बना हुआ है।

उन्होंने इस क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अंडरपास या ओवरब्रिज जैसी संरचनाएं बनाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ सुधीर गुप्ता ने बताया कि मृत भालू की सूचना मिलने पर हमारी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक-कलेक्टर ने गोवर्धन पूजा की, गो माताओं को खिलाया गुड़-चना; लोगों की समस्याएं निपटाने दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** विधायक रामनिवास शाह और कलेक्टर गौरव बैनल ने ग्राम पंचायत उरती स्थित गोशाला में गोवर्धन पूजा उत्सव में भाग लिया। उन्होंने संयुक्त रूप से गोवर्धन की पूजा की।



गो-माताओं की पूजा की और उन्हें गुड़, चना और पूड़ी खिलाई गई। इसके बाद गोशाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बरगद और पीपल के पौधों का रोपण किया गया। गोशाला में कार्यरत गोसेवकों को कंबल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल ने उपस्थित लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं के आवेदन प्राप्त करें और निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग रविन्द्र जायसवाल, सीईओ जनपद अजीत बरवा और जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् राजकुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

इस अवसर पर सिंगरौली प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह, ग्राम पंचायत सरपंच कृष्णावती जायसवाल, जनपद सदस्य शांति देवी बैग और वरिष्ठ समाजसेवी वशिष्ठ पांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लापता युवक का शव नहर में मिला, परिजन ने दोस्तों पर लगाया आरोप; बोले- शराब पार्टी के बाद की हत्या

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में एक लापता युवक का शव बाणसागर नहर में मिला है। मंगलवार दोपहर गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव स्थित नहर में 32 वर्षीय विष्णु केवट का शव तैरता हुआ पाया गया। विष्णु केवट, निवासी ग्राम पंचायत मझिगवां, 19 अक्टूबर से लापता था।



विष्णु 19 अक्टूबर की शाम शरदा गांव में अपने परिचित प्रेम प्रकाश लोनिया और शानित केवट के साथ शराब पीने गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। प्रेम प्रकाश और शानित ने पूछताछ में बताया था कि शराब पीने के बाद विष्णु घर चला गया था।

परिजनों को संदेह था कि विष्णु केवट की हत्या कर शव नहर में फेंका गया है। उन्होंने इस संबंध में पिपराव पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को ग्रामीणों ने बाणसागर नहर में एक शव तैरता देखा, जिसकी पहचान लापता विष्णु केवट के रूप में हुई।

पिपराव चौकी प्रभारी शेषमणि मिश्रा ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए गोविंदगढ़ अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बहन ने लगाया हत्या का आरोप:** मृतक की बहन साधना केवट ने आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले विष्णु का आरोपियों से विवाद हुआ था और उसी रंजिश में उसे मारकर नहर में फेंक दिया गया।

## सिद्धार्थ ने सिहावल विधायक की पत्नी को दी श्रद्धांजलि



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की पत्नी हीराकली पाठक के निधन पर उनके निवास सुपेला देवसर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विधायक विश्वामित्र पाठक के निज निवास सुपेला गांव में स्व. हीराकली के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु आयोजित द्वादश, शुद्धिकरण और भोज कार्यक्रम में भी सम्मिलित होकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की और उन्हें ढाढ़स बंधाया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्व. हीराकली पाठक का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिवार के सदस्यों को इस कठिन समय में सहारा देने का आश्वासन दिया।

सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि इस दुखद घड़ी में सभी को एकजुट होकर शोक संतप्त परिवार का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और कहा कि भगवान उनके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करें।

# सरकार स्तर पर व्यवस्थाएं खराब नहीं, मारपीट में घायल वकील से की मुलाकात; कार्रवाई का दिया आश्वासन : राधा सिंह

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** बैढ़न में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री राधा सिंह ने मंगलवार को ट्रामा सेंटर सह जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




**मंत्री राधा सिंह बोलीं- सरकार स्तर पर व्यवस्थाएं खराब नहीं:** मंत्री ने कहा कि सरकारी स्तर पर व्यवस्थाएं खराब नहीं हैं, बल्कि यह हमारी अपनी तरफ से खराब हो सकती हैं। उनका सीधा इशारा अस्पताल के स्टाफ की कार्यप्रणाली पर था। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन और पुलिस अधिकारी उनके साथ मौजूद थे।

**मारपीट में घायल हुए वकील से मिलीं:** निरीक्षण के दौरान मंत्री ने दो दिन पहले मारपीट में घायल हुए वकील अमरपाल सिंह का भी हालचाल जाना। दरअसल, चितरंगी इलाके के निवासी अमरपाल सिंह पर एक पुराने जमीनी विवाद को लेकर हमला हुआ था। मंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**टीआई बोले-अब तक नहीं मिली लिखित शिकायत:** चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी ने बताया कि अमरपाल सिंह के साथ हुई मारपीट को लेकर थाने में अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। सिर्फ फोन के माध्यम से कुछ लोगों ने मारपीट की जानकारी दी है।

ऐसे में सवाल उठता है कि एक तरफ मंत्री कार्रवाई की बात कह रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं है।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आदिवासियों की जमीन पर कब्जे को लेकर कुछ विवाद जरूर है। भ्रमण के दौरान मंत्री को मरीजों के परिजनों ने भी व्यवस्थाओं से संबंधित कुछ शिकायतें कीं, जिस पर मंत्री ने बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करने की बात कही है।

# नक्सलियों का नया सवेरा

संपादकीय

पुलिस बैरक में यह उनकी पहली रात थी। वे पूरी रात आंख नहीं मूंद पाए अथवा नींद ही नहीं आई। वे खुले जंगल में, नीले आसमान को निहारते हुए, सोने के अभ्यस्त थे। उनकी समझ, संवेदनाएं और तंत्रिकाएं इतनी सचेत और तीव्र थीं कि वे हर आहट पर चौंक उठते थे और वहीं मोर्चा बांध लेते थे। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के बैरकों में उन 210 नक्सलवादियों को एक साथ रखा गया है, जिन्होंने इसी सप्ताह आत्मसमर्पण किया था। शनिवार की सुबह उनके लिए बिलकुल अलग एहसास की थी। उन्हें अख़बार पढ़ने को दिए गए। नक्सलियों ने टीवी भी देखा। उन्होंने अफसरों से राशन आदि मांगा, ताकि वे अपना साधारण-सा भोजन बना सकें और इस तरह किसी काम में व्यस्त रह सकें। नक्सली माओवादियों ने सरकार के सामने हथियार डाल दिए हैं। अंततः उन्होंने मुख्यधारा में लौटना तय किया है। सरकार ने उनकी सहायता करने का आश्वासन भी दिया है। शायद कोई योजना बनाकर नक्सलियों का पुनर्वास तय किया जाए! वे मोर्चे पर तैनात, हथियारबंद, मरने-मारने को तैयार नहीं हैं, लेकिन वे फिलहाल एक साथ रहना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह संभव नहीं है। सरकार प्रत्येक नक्सली की योग्यता, रुचि, क्षमता के मुताबिक ही मुख्यधारा में शामिल करेगी। नक्सलियों पर जो आपराधिक मामले दर्ज हैं और अदालत के विचाराधीन हैं, पहले वे निष्कर्ष तक पहुंचेंगे और सरकार उन्हें सामूहिक माफी कैसे दे सकती है, उस कानूनी प्रक्रिया से गुज़रना लाजिमी है, लेकिन दो निष्कर्ष देश के सामने हैं-लाल आतंकवाद अस्तित्वहीन होने की ओर है। दूसरा, नक्सली भी मुख्यधारा में लौट कर एक नये सवेरे का एहसास कर सकेंगे। वे जन-प्रतिनिधि बन सकते हैं और सरकारी कर्मचारी भी बन सकेंगे। इस लिहाज से मोदी सरकार का यह मिशन बेहद महत्त्वपूर्ण और मानवाधिकार वाला है। सरकार मार्च, 2026 तक अपना लक्ष्य हासिल कर सकती है। नक्सली देश के 11 जिलों तक सिमट गए हैं। उनमें से 3 जिले ही ऐसे हैं, जहां नक्सली पूरी तरह सक्रिय हैं। उन जिलों की लालबंदी तोड़ना बहुत मुश्किल नहीं है, क्योंकि सुरक्षा बलों को नक्सलियों की मोर्चेबंदी का पूरा ज्ञान हो चुका है। इससे यह भी साबित हो गया है कि नक्सलवाद को खत्म करना असंभव नहीं था, जैसा कि पहले की कांग्रेस नेतृत्व की यूपी, सरकार नाटक करती रही। कभी सोचा गया कि नक्सलियों के खिलाफ सेना को उतार दिया जाए। कभी कोबरा कमांडो की रणनीति बनाई गई, तो कभी किसी और रणनीति पर पैसा बहाया गया, लेकिन मौजूदा सरकार ने बहुत ही सीमित समय के दौरान देश को दिखा दिया कि नक्सली माओवाद अभेद्य और अजेय नहीं था।

## इंडिया गठबंधन में दरार एनडीए के लिए अवसर

**दिलीप कुमार पाठक**

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के दलों के नाटकीय हालात में, पहले एकजुट होकर एनडीए के खिलाफ लड़ने का दावा करने वाला इंडिया ब्लॉक अब गड़बड़ी और भ्रम के एक हास्यास्पद तमाशे में तब्दील हो गया है द्य चुनाव के पहले चरण के करीब आते ही माहौल एनडीए के खिलाफ कड़े मुकाबले का नहीं बल्कि ऐसे फ्रेंडली फाइट्स का बन गया जो इस गठबंधन की नींव को ही कमजोर कर रहे हैं द्य इस राजनीतिक नाटक में इंडिया ब्लॉक में मौजूद इस अव्यवस्था से फायदा एनडीए होगा ।

अभी कुछ दिनों से एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर दिल्ली से लेकर पटना तक उठापटक चल ही रही है, हालांकि पटना पहुंचकर अमित शाह ने मामले को सुलझा लिया है, भले ही भाजपा के सहयोगी दल नाराज़ हों परंतु भाजपा को डैमेज कन्ट्रोल आता है, जो कांग्रेस को बिल्कुल भी नहीं आता द्य यहाँ इन्डिया गठबंधन में भी सीट शेयरिंग का फार्मूला तय हो पाया या नहीं कहना बड़ा कठिन है, क्योंकि कई सीटों पर आरजेडी ने कांग्रेस के विरुद्ध उम्मीदवारों को उतार दिया है द्य खबर ऐसी भी चल रही है कि लालू यादव और तेजस्वी ने कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ ही अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया है

एक तरफ इंडिया गठबंधन बिहार में परिवर्तन के नाम पर हुंकार भर रहा था तो दूसरी तरफ अभी तक आरजेडी एवं कांग्रेस के बीच आपसी समन्वय स्थापित नहीं हो पाया है, जबकि चुनाव में 20 दिन से भी कम समय बचा हुआ है द्य ऐसे आपसी कलह के बाद मोदी - शाह एवं ताकतवर भाजपा से विजयी होना तो दूर की बात है, फ़िलहाल पार पाना इन्डिया गठबंधन के लिए अभी बड़ा मुश्किल सा लग रहा है द्य महागठबंधन में जब नीतीश कुमार साथ थे तब आरजेडी की भूख कम थी, तब कम सीटों पर भी चुनाव लड़कर आरजेडी संतुष्ट थी, अब तो जेडीयू महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में है तो आरजेडी की भूख और बढ़ गई है या यूं कहिए पिछले चुनावों में ज़्यादा सीटें मिल जाने का उत्साह जो कम होने का नाम नहीं ले रहा द्य आरजेडी को सोचना चाहिए कि उनका मुकाबला ताकतवर भाजपा से है द्य कांग्रेस खुद के लिए बिहार में कुछ नहीं कर पा रही बल्कि प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष आरजेडी का सहयोग ही कर रही है ।

कांग्रेस के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो राष्ट्रीय स्तर की पार्टी कांग्रेस की हालत बिहार में बेहद ख़राब है, न तो बिहार में कांग्रेस के नेता दिखाई दे रहे हैं और न ही कांग्रेस के कार्यकर्ता द्य बिहार में कांग्रेस के पास कार्यकर्ता हैं भी या नहीं ये भी बड़ा प्रश्न है द्य कांग्रेस पार्टी बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश जैसे बड़े राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की पिछलग्गू पार्टी बनकर रह गई है द्य भाजपा की तुलना में कांग्रेस आज बेहद दयनीय स्थिति में दिखाई दे रही है।

अब तो ख़बरें आ रहीं हैं कि बिहार कांग्रेस के नेताओं और आरजेड़ी के नेताओं में बातचीत बंद हो गई है जिसकी ख़बर पटना से लेकर दिल्ली तक तैर रही है द्य कई सीटों पर कांग्रेस और आरजेडी के प्रत्याशी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं द्य ऐसी स्थिति में एनडीए के नेता भी महागठबंधन पर तंज कस रहे हैं और एनडीए की एकता की बात कह रहे हैं द्य चुनावी मैदान में कई सीटों पर कांग्रेस और आरजेडी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं द्य दोनों के प्रत्याशी आमने-सामने हैं द्य कांग्रेस के नेताओं का यह मानना है कि जब गठबंधन है तो ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई? कांग्रेस के नेताओं का मानना है की अब आरजेडी को फैसला लेना है कि वह क्या अपने उम्मीदवारों का नॉमिनेशन वापस लेंगे या फिर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे द्य यानी कांग्रेस ने अपना रुख साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है द्य आरजेडी को अपने उम्मीदवार को वापस लेना हो तो ले नहीं तो फिर एक दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ेंगे द्य खूब ख़बरें चल रहीं हैं कि लालू यादव और तेजस्वी ने कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ ही अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया है द्य गठबंधन होने के बावजूद सीटों का फार्मूला तय होने के बाद भी कांग्रेस के खिलाफ़ उम्मीदवार उतार देना, गठबंधन धर्म तो दूर की बात है, कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का मनोबल गिराने एवं कांग्रेस के आत्मसम्मान को चुनौती देने वाला कदम है ।

**मनुष्य नवीनता-प्रेमी है। सुबह उठते ही नया सुरज देखकर आनन्दित होता है। नये खिले फूल और नयी ताजी हवा से मन प्रसन्न हो उठता है। आज नया वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। बेकार हुए पुराने कैलेण्डर हट गये हैं। नये कैलेण्डर आ गये हैं। उनमें हमारा कल झाँक रहा है। मित्र, स्वजन, परिचित और परस्पर व्यापारिक सम्बन्ध रखने वाले बन्धु एक-दूसरे को नये वर्ष की बधाइयाँ दे रहे हैं। नूतन वर्ष अभिनन्दन के शानदार कार्ड और बहुमूल्य तोहफों का आदान-प्रदान हो रहा है। नव वर्ष की शुभ कामनाएँ दी जा रही है, ली जा रही हैं। यह सब किसलिए? एक प्रश्न है !**

# सज्जनों की शुभ कामनाएँ किसी ऋषि के वरदान से कम नहीं होतीं

**कांतिलाल मांडोत**

(नव वर्ष का शुभारंभ 22 अक्टूबर 2025 )

चिन्तन करें तो समाधान का उत्तर मिलता है-इसके पीछे प्रकृति का एक सनातन सत्य छिपा हुआ है, जो समय बीत गया वह हाथ से निकल गया। उसके विषय में कुछ सोचना-विचारना व्यर्थ है। जो अतीत व्यतीत बन गया, उसका गीत गाना कोई अर्थ नहीं रखता। किन्तु जो सामने आ रहा है वह हमारे हाथ में है। हम उसका चाहे जैसा निर्माण कर सकते हैं। कहते हैं-हमारा आज ही कल का भाग्य-विधाता है। इसलिए लोग बीते वर्ष का अभिनन्दन या अफसोस नहीं करके नये आने वाले वर्ष का अभिनन्दन करते हैं। उसकी शुभ कामनाएँ करते हैं कि इस नव वर्ष को आप अपने पुरुषार्थ, अपनी प्रतिभा और अपनी उदात्त संकल्पशीलता के बल पर सुंदर से सुन्दर, महत्त्वपूर्ण बना सकते हैं। जीवन का स्वर्णिम वर्ष बना सकते हैं। सुन्दर राष्ट्र के निर्माण की ईंट बना सकते हैं। आज जिसके लिए हम बीज बोते हैं, वह फसल कल काटी जायेगी। भविष्य के मन्दिर की नींव आज ही रखी जायेगी इसलिए आज हमारा है, भविष्य का निर्माण हमारे हाथ में है।इसलिए जो कल के लिए चाहते हो, वह आज ही कर लो।

आज जो बधाइयाँ, शुभ कामनाएँ दी जा रही हैं वह मामूली चीज नहीं हैं। वह हमारे भविष्य का निर्माण करने में नींव का काम कर सकती हैं। सज्जनों की शुभ कामनाएँ किसी ऋषि के वरदान से कम नहीं होतीं। शुभकामनाएँ शुभ वायुमण्डल का निर्माण करती हैं, शुभ प्रेरणाएँ जगाती हैं और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। ये शुभ कामनाएँ आपको सावधान करती हैं कि आपका आने वाला कल मंगलमय हो, इसलिए आप आज ही तत्पर होकर अपने भविष्य का चिन्तन करें और नये कार्यक्रम, नई योजनाएँ ऐसी बनाएँ जो आपके जीवन के न केवल भौतिक विकास में, अपितु आध्यात्मिक विकास में, आत्म-अभ्युदय में भी सहायक बनें। स्तम्भ बनकर आपके जीवन महल को सहारा देवें और परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समस्त विश्व के कल्याण में योगदान दे सकें।

उठो, जागो। जो श्रेष्ठ एवं वरेण्य है, जो आदर्श तुम्हें पुकार रहा है, उसे स्वीकार करो और उस पर चल पड़ो। उठो, प्रमाद मत करो। समय का मूल्य समझो। समय ही सबसे बड़ा धन है। जीवन में ज्ञान और कर्म का संगम करो। यही बात योगेश्वर श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- जहाँ ज्ञानरूपी कृष्ण और कर्मरूपी अर्जुन खड़े हैं वहीं श्री-लक्ष्मी विजय और ऐश्वर्य है। अजगर की तरह आलस्य में डूबे रहने वाले जीवन को यूँ ही खो देते हैं। जो उत्साही हैं, कर्मशील हैं, जाग्रत हैं वे जीवन की थोड़ी-सी पलों में ही वह कर देते हैं जो युग-युग का इतिहास बन जाता है।



जलता हुआ दीप दूसरे दीपों को जला सकता है। बुझा हुआ दीप अँधेरे में ही पड़ा रहता है। इसलिए प्रज्वलित दीपक बनो। इस संसार में ज्योति बनकर जीओ, जो दूसरों को प्रकाश दे। चिनगारी बनकर जीओ, ताकि अँधेरे को रोशनी में बदल सको। कोयला बनकर मत जीओ, जो पड़ा-पड़ा सुलगता रहे, धुआँ उगलता रहे।जिन्दगी बहुत मूल्यवान है। इसका एक-एक पल इतना महत्त्वपूर्ण है कि हम इन पलों में शताब्दियों का इतिहास रच सकते हो, युग की धारा बदल सकते हो, इस प्रवाह को मोड़ सकते हो। बस, आवश्यकता है उत्साह की, उल्लास की और जीवन में कुछ न कुछ नव-निर्माण करने के शुभ संकल्प की। जिन्दगी का अर्थ है उत्साह और साहस।

इसलिए आज नव वर्ष के नव सूर्योदय की साक्षी में आपको अपने कर्तव्य का स्मरण कर संकल्प लेना है। जीवन का उद्देश्य निश्चित कर उस दिशा में कदम बढ़ाना है। संघर्ष भी आयेंगे, संकट भी आयेंगे। असफलताएँ भी मिलेंगी। लोगों की आलोचना व चर्चाएँ भी होंगी परन्तु लक्ष्य की तरफ बढ़ने वाले इन सब की उपेक्षा करके इन संघर्षों के तूफानों से टक्कर लेकर बढ़ते ही जाते हैं

आपको तूफानों से टक्कर लेना है और कर्त्तव्य की नाव को किनारे तक पहुँचाना है।

जीवन के महत्त्वपूर्ण सन्देशों में यूँ तो अनेकों बातें कही जा सकती हैं। सचाई, नैतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा, कर्त्तव्य-पालन आदि। किन्तु विस्तृत चर्चा न करके मैं केवल वर्तमान पर ही हमारा ध्यान केन्द्रित करना चाहता हूँ।

ऐसे समय में हमारा कर्त्तव्य है, जीवन में आशावादी बनकर, मानवतावादी बनकर जीयें। देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशा और आस्था जगाएँ, संकल्प और पुरुषार्थ जगाएँ। केवल अपने लिए ही नहीं जीयें, अपने लिए तो पशु भी जीता है, किन्तु दूसरों के लिए भी जीयें। अपने स्वार्थ को परमार्थ में बदलें। अगर समाज और राष्ट्र सुखी रहेगा तो मनुष्य भी सुखी रहेगा। मनुष्य राष्ट्र के मन्दिर की एक ईंट है। यदि पूरा मन्दिर सुरक्षित रहेगा तो ईंट स्वयं ही सुरक्षित रहेगी। मन्दिर ढह जायेगा तो ईंट का क्या होगा? इसलिए अपना दृष्टिकोण व्यापक बनायें, उदार बनायें और अपने चश्मे से समूची मानव-जाति को देखें। मानवता के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पशील बनें। जहाँ अभावों का अँधेरा है, अज्ञान की काली रातें गुजर रही हैं और अनीति के राक्षस नृत्य कर रहे हैं, वहाँ नैतिक मूल्यों के नये सूरज की सुनहली किरणों का प्रकाश पहुँचे; सुख, समृद्धि, ज्ञान और सदाचार का उजाला फैले तो हमारी नए वर्ष की शुभ कामनाएँ सार्थक होंगी, सदिच्छाओं का गुलाबी रंग चमेकगा। अवश्य चमकेगा।

*गोवर्धन पूजा,पड़वा*

दीपावली के बाद की प्रतिपदा गुड़ी पड़वा को वैदिक-परम्परा में गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घरों के सामने गोवर्धन पर्वत का प्रतीक गोबर का पहाड़ बनाकर उसकी पूजा आज भी गांवो में करते हैं और अपने पशुधन की संवृद्धि की कामना करते हैं।

गोवर्धन पूजा के साथ श्रीकृष्ण की एक प्रेरक घटना जुड़ी है। किशोर श्रीकृष्ण ने देखा, लोग इन्द्रदेव की पूजा करते हैं और उनसे अपने धून धान्य की समृद्धि की कामना करते हैं। श्रीकृष्ण ने पूछा- यह इन्द्र-पूजा क्यों करते हैं? लोगों ने कहा- इन्द्र महाराज समय पर जल-वृष्टि करते है, खेतों में धन्य-धान्य की वृद्धि होती है इसके लिए हम इन्द्र की पूजा करते हैं। श्रीकृष्ण ने कहा समय पर वृष्टि होना, धूप तपना, खेतों में अन्य-धान्य उत्पन्न होना यह तो सृष्टि का सहज क्रम है, इसमें इन्द्र का लेना-देवा क्या है? अगर इन्द्र यह सब करता भी है तो प्रजा का पालन करना, संरक्षण करना इन्द्र का कर्त्तव्य है, इसमें एहसान व उपकार की क्या बात है? उसकी पूजा करके अपनी हीनता क्यों प्रगट करते हो? श्रीकृष्ण के समझाने से लोगों ने इन्द्र-पूजा बन्द कर दी। इन्द्रदेव कुपित हो गये और सात दिन तक लगातार गोकुल में मूसलाधार वर्षा होती रही, तूफान आते रहे। चारों तरफ जलप्रलय-सा मच गया। गोकुल की जनता और गायें आदि इधर-उधर अपने बचाव के लिए भागने लगे। तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को छत्र की तरह उँगली पर उठा लिया और सब प्रजा को उसके नीचे आश्रय दिया। सात दिन तक मूसलाधार बरसने पर भी गोवर्धन के नीचे आश्रय लेने वाले बचे रहे। अन्त में इन्द्रदेव ने हार मान ली और श्रीकृष्ण के सामने क्षमा माँगने लगा। श्रीकृष्ण ने कहा- संसार में समय पर जल बरसाना, खेतों में अन्न धान्य को पकाना और प्रजा की परिपालना करना तो तुम्हारा कर्त्तव्य है। इस कर्तव्य-पालन के बदले तुम प्रजा से पूजा की कामना क्यों करते हो? जो राजा प्रजा-पालन के अपने धर्म को यदि उपकार करना मानकर उसके बदले पूजा, यश, धन चाहता है तो वह कर्त्तव्य-च्युत होता है। इस कर्तव्य का भान कराने के लिए ही प्रजा ने इन्द्र-पूजा बन्द कर दी। वास्तव में धरती का संरक्षक और भूमि को उर्वरा बनाने वाला तो यह पर्वत है जो युगों-युगों से मूक भाव से खड़ा शीत, धूप, ताप, वर्षा सब कुछ सहता हुआ भी बदले में कुछ नहीं माँगता।

इस प्रकार गोवर्धन-पूजा एक प्रतीक रूप में अधिकारियों व सत्ताधारियों को उनके कर्तव्य का भान कराने की प्रेरणा है और जो मूक सेवक हैं उनका अभिनन्दन करने की सूचना भी इसी में सन्निहित है।

# कॉमेडी के बादशाह असरानी जीवनपर्यंत हरफनमौला रहे !


**फ़िल्म अभिनेता गोवर्धन असरानी अब हमारे बीच नही है।84 वर्ष की आयु में दीपावली के दिन उनका निधन हो गया है। उन्हें भारतीय फिल्मों में कॉमेडी के बादशाह के रूप में जाना जाता रहा। गोवर्धन असरानी का जन्म 1 जनवरी सन 1940में राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुआ था। उनके चार बहनें और तीन भाई हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई की शुरुआत सेंट जेवियर स्कूल जयपुर से की।**

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

(श्रद्धांजलि लेख)

उसके बाद उन्होंने स्नातक की पढ़ाई राजस्थान कॉलेज से पूरी की। पढ़ाई खत्म होने के बाद उन्होंने कई वर्षो तक बतौर रेडियो आर्टिस्ट काम किया था। असरानी की शादी अभिनेत्री मंजू बंसल ईरानी से हुई ।असरानी ने अपनी पत्नी के साथ भी कई फिल्मों में भूमिकाएं अदा की हैं। असरानी अब तक 300 से अधिक हिंदी व गुजरती फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। वह पिछले पांच दशक से हिंदी सिनेमा में सक्रीय हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के अमूमन सभी दिग्गज अभिनेताओं के साथ अभिनय किया हैं। फ़िल्मी दुनिया में अभिनय के अलावा वह एक राजनीतज्ञ भी रहे हैं। उन्होंने सन 2004 में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी व लोकसभा चुनावों के दौरान उहोने कांग्रेस की जनसभाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया था।

हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं! फिल्म शोले का यह डायलॉग उनकी जिंदगी में शोहरत लेकर आया था,जो आज भी



याद किया जाता है। इस डायलॉग को मशहूर बनाने के पीछे असरानी का ही हाथ है। इस फिल्म में उनका शानदार अंदाज सभी ने देखा है। असरानी की गिनती बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में होती हैं। उन्होंने अधिकांश फिल्मों में कॉमेडी रोल और सपोर्टिव रोल किए हैं। परन्तु अपने अभिनय कौशल से उन्होंने सभी किरदारों में जान डाल दी थी। असरानी के अंदर सिंगिंग का भी हुनर है ,यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि असरानी ने कई हिंदी फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है।

असरानी के पिता की कारपेट की दुकान थी। मगर, परिवार के बिजनेस में असरानी की बिल्कुल दिलचस्पी न थी। ऊपर से गणित की पढ़ाई में भी वे कमजोर थे। राजस्थान कॉलेज से स्नातक करने के बाद इन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, जयपुर में वॉइस आर्टिस्ट के रूप में काम करना शुरु किया। सन 1964 में उन्होंने पुणे के फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया में दाखिला लिया और वहीं अभिनय सीखा।असरानी ने करीब पांच दशक तक फिल्मों में काम किया है। शुरुआत में असरानी को ज्यादा रोल नहीं मिले इसलिए वो एफटीआईआई में ही शिक्षक बन गए थे। असरानी ने दर्शकों को सिर्फ हंसाया ही नहीं, बल्कि मधुर संगीत भी सुनाया है।सन 1977 में आई फिल्म आलाप में असरानी ने दो गाने गाए, जो उन्हीं पर फिल्माए गए। इसके अलावा फूल खिले हैं गुलशन गुलशन में मशहूर गायक किशोर कुमार के साथ भी एक गाना गाया था।असरानी ने अधिकतर फिल्मों में साइड रोल किए हैं। चला मुरारी हीरो बनने और सलाम मेमसाहब जैसी फिल्मों में उन्होंने लीड एक्टर के तौर पर भी काम किया था। असरानी ने सन 1967 में रिलीज हुई फिल्म हरे कांच की चूड़ियां से फिल्मों में कदम रखा था। असरानी ने कई फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है, लेकिन शोले में जेलर के किरदार ने इन्हें खूब लोकप्रियता दिलाई। उन्होंने मेरे अपने, बावर्ची, परिचय, अभिमान, महबूब, बंदिश, चुपके-चुपके जैसी फिल्मों में भी शानदार अभिनय किया है।फ़िल्म अभिनेता असरानी से मेरी मुलाकात करीब 5 साल पहले उज्जैन के मौनीबाबा आश्रम में हुई थी,वे बाबा के बड़े मुरीद थे और जब तक बाबा जीवित रहे असरानी की आस्था भी उनके लिए बनी रही।असरानी मौनीबाबा को रुद्र का साक्षात स्वरूप मानते थे।असरानी बातचीत में भी हरफनमौला थे और अभिनय में भी हरफनमौला रहे।आठ दशक के अपने जीवन मे असरानी ने लोगो को न सिर्फ खुलकर हंसाया बल्कि एक अच्छे इंसान के रूप में लोगो की जरूरत पड़ने पर मदद भी की।असरानी के मैनेजर बाबूभाई थीबा ने बताया कि असरानी का निधन जुहू के आरोग्य निधि अस्पाताल में हुआ।उनका अंतिम संस्कार भी शाम को ही सांताक्रूज वेस्ट के शास्त्री नगर शवदाह गृह में कर दिया गया। इस मौके पर उनके परिजन और करीबी लोग ही मौजूद थे।असरानी ने एक इंटरव्यू बताया था कि लोग उनको कमर्शियल एक्टर नहीं समझते थे और उन लोगों में सम्पूर्ण सिंह गुलजार भी शामिल थे। उन्होंने बताया था, 'गुलजार साहब ने कहा था ना ना...मुझे वो कमर्शियल एक्टर नहीं समझते थे...बोले कुछ अजीब सा चेहरा है। लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग में हाथ दिखाए तो फिर उन्हें पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं मिला।बेशक असरानी अब इस दुनिया में नहीं हैं. लेकिन वे अपने किरदारों से हमेशा जिंदा रहेंगे।

# हाथी की मौत मामले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपति गिरफ्तार

**रायगढ़, एजेंसी।** तमनार वन परिक्षेत्र में जंगली हाथी की करंट लगने से हुई मौत के प्रकरण में वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने इस मामले में आज मंगलवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य का पति भी शामिल है। गिरफ्तारी की कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार के नेतृत्व में की गई।

ज्ञात हो कि 20 अक्टूबर 2025 को तमनार वन परिक्षेत्र के केराखोल गांव के समीप एक सात वर्षीय जंगली हाथी की मौत करंट की चपेट में आने से हो गई थी। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि खेत की मेड़ पर जंगली सूअर के शिकार के लिए बिजली का तार बिछाया गया था, जिससे



अनजाने में हाथी की जान चली गई। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से विद्युत तार, खंभे एवं अन्य उपकरण जब्त किए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष जांच दल का गठन किया गया, जिसने लगातार खोजबीन व पूछताछ के बाद आरोपितों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपितों में बसंत राठिया निवासी केराखोल, वीर सिंह मांझी, रामनाथ राठिया, निवासी औराईमुड़ा का नाम शामिल है। वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार ने बताया कि, मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में विशेष निगरानी बढ़ा दी गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और ग्रामीणों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

वन विभाग ने आरोपितों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपितों को आज मंगलवार को ही न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।

वन विभाग अब इस दिशा में भी जांच कर रहा है कि कहीं इस अवैध करंट फंदे के सिलसिले में अन्य लोग भी संलिप्त तो नहीं हैं। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि मानव की लापरवाही और लालच की कीमत कब तक वन्यजीवों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी।

## डीईओ कार्यालय में पदस्थ प्यून ने जहर खाकर की आत्महत्या

**सुकमा, एजेंसी।** जिले के राजामुंडा निवासी महादेव दूधी उम्र 28 वर्ष ने जहर का सेवन कर लिया, जिसे बेहतर उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान आज मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक महादेव दूधी की पत्नी देवे दूधी ने बताया कि, डीईओ कार्यालय में महादेव प्यून के पद पर पदस्थ था, उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ती देख उसे सुकमा अस्पताल से मेडिकल कॉलेज जगदलपुर लाया गया, जहां आज उसकी मौत हो गई। मृतक की पांच साल की छोटी बच्ची हंशिका भी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है ।

## आवराभाटा टेकनार चौक में ट्रक की ठोकर से मासूम की हुई मौत


**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** जिले के आवराभाटा टेकनार चौक में दीपावली के दिन एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जहां सड़क पार कर रहे एक चार साल के मासूम को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, वहीं घायल बच्चे को उपचार के लिए मेकॉज लाया गया था। जहां उपचार के दौरान आज मंगलवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दंतेवाड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि, आवराभाटा टेकनार निवासी संतोष खलको का चार वर्षीय पुत्र अर्पित दीपावली की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। खेलने के दौरान किसी काम से सड़क पार करने के लिए जैसे ही निकला तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया। आस-पास के लोगों ने घायल बच्चे को उपचार के लिए दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल ले गए। जहां खराब हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया। मेकॉज में उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे के शव का आज पीएम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## सुकमा में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस, अमर वीरों को दी गई श्रद्धांजलि



**सुकमा, एजेंसी।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज मंगलवार को सुकमा पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने इस वर्ष देश भर में बलिदान हुए 191 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के नामों का वाचन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बलिदान पुलिसकर्मी देश की आंतरिक सुरक्षा और जनता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और उनके त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। एसपी चव्हाण ने अब तक बलिदान हुए समस्त पुलिस अधिकारी एवं जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बलिदानियो के परिजनों को सम्मानपूर्वक श्रीफल भेंट कर सांत्वना दी गई तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बलिदान जवानों के परिजन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## कन्हर नदी का तेज बहाव भी नहीं रोक पा रहा मछुआरों का जोखिम भरा शौक



**बलरामपुर, एजेंसी।** एक सप्ताह पहले कन्हर नदी में मछली पकड़ने के दौरान डूबकर रामानुजगंज निवासी काशी भुइयां की मौत हो जाने के बावजूद लोगों ने सबक नहीं लिया है। जिले के सरहदी क्षेत्र से होकर बहने वाली यह नदी इन दिनों खतरे के निशान पर बह रही है, लेकिन फिर भी मछुआरे अपनी जान की परवाह किए बिना मछली पकड़ने में जुटे हुए हैं। 28 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे लोक आस्था के महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग ने एनीकट के सभी गेट खोल दिए हैं। इसके चलते नदी का जलस्तर बढ़ गया है और प्रवाह तेज हो गया है। पानी की गति इतनी तेज है कि जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है, फिर भी कई ग्रामीण प्रशासनिक चेतावनियों को नजरअंदाज कर नदी में उतर रहे हैं।

**जोखिम भरा जुनून, प्रशासन की चिंता बढ़ी:** प्रशासन द्वारा लगातार हिदायतें दी जा रही हैं कि लोग नदी के तेज बहाव के दौरान मछली पकड़ने या नहाने जैसी गतिविधियों से दूर रहें। इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही दिखा रहे हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि, काशी भुइयां की मौत एक चेतावनी थी, लेकिन लगता है लोगों ने उस दर्दनाक हादसे से कोई सबक नहीं लिया। तेज बहाव वाली कन्हर नदी अब भी खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में ज़रूरी है कि लोग अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, वरना अगली त्रासदी बस वक्त का इंतज़ार कर रही है।

## पटाखा फोड़ने से मना करने पर कर दी युवक की हत्या, पुलसि जांच में जुटी

**जांजगीर-चाम्पा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले में दीपावली की देर रात पटाखा फोड़ने के मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान बाल मुकुंद सोनी के रूप में हुई है। पूरा मामला कोटमी सोनार चौकी का है। पुलसि से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटमी सोनार गांव नवासी बाल मुकुंद अपनी बीमार बुजुर्ग मां के साथ रहता था। रात में पटाखों की आवाज से उसकी मां को सोने में परेशानी हो रही थी। इसलिए वह बाहर पटाखा फोड़ने से मना करने गया। इसी दौरान अज्ञात लोगों और बाल मुकुंद के बीच विवाद हो गया। मंगलवार सुबह घर के कमरे में बाल मुकुंद की खून से लथपथ लाश मिली है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। बिलासपुर से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। वहीं मृतक की मां से पूछताछ की गई है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर बलदिान जवानों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि





**कोरबा, एजेंसी।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर कोरबा में आज मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदान पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन, कलेक्टर अजीत बंसल, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर, महापौर संजू देवी राजपूत सहित जिले के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बल?दान जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के 12 बल?दान जवानों के नाम लेकर उन्हें सलामी दी। इसके बाद परेड दल द्वारा शोक शस्त्र कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में उपस्थित बलदिान जवानों के परिजनों को सम्मानस्वरूप शाल एवं श्रीफल भेंट किए गए। इस अवसर पर एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने शहीद परिवारजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## बस्तर के नसल प्रभावित इलाकों में 28 दिनों से नहीं हुई कोई मुठभेड़, वर्षों बाद थमी गोलियों की आवाज

**जगदलपुर, एजेंसी।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में कई वर्षों के बाद गोलियों की आवाज थम गई है। बस्तर में पिछले दो दशकों से चले आ रहे नक्सल संघर्ष में यह दौर निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। सरकार ने भले ही नक्सलियों के विरूद्ध औपचारिक रूप से युद्धविराम की घोषणा नहीं की हो, लेकिन लगातार चल रहे मुठभेड़ों के बीच यह पहली बार है, जब पिछले 28 दिनो से कोई मुठभेड़ नहीं हुई है। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों का गढ़ माने जाने वाले बस्तर में अब एक शांति स्थापना के लिए कई तरह से पहल की जा रही है। इसलिए अब नक्सलियों को अपने साथियों के साथ निर्णय लेने में सहूलियत हो रही है और लगातार बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण का दौर जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों के विरूद्ध औपचारिक रूप से युद्धविराम के सवाल को इंकार करते हुए कहा कि ऑपरेशन कभी भी बंद नहीं होता, शासन का पहले से भी निर्णय है कि हथियार छोड़कर नक्सली यदि मुख्य धारा में आना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है, लेकिन हथियार लेकर जनता के जान-माल का नुकसान करने का प्रयास यदि कोई करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। नारायणपुर जिले के महाराष्ट सीमा क्षेत्र के फरसबेड़ा और तोयमेटा के जंगल में 28 दिन पहले 23 सितंबर को मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 2.16 करोड़ रुपये के इनामी केंद्रीय समिति सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी उर्फ गुड़सा उसेंडी उर्फ विजय और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी उर्फ गोपन्ना उर्फ बुचन्ना को ढेर कर दिया गया था।


## 50 यात्रियों से भरी बस पलटी, बाल-बाल बचे सभी यात्री

**बलरामपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से आज सोमवार की सुबह एक बड़ी दुर्घटना की खबर आई, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। रायगढ़ से गढ़वा जा रही एक यात्री बस डौरा पुलिस चौकी क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के वक्त बस में लगभग 50 यात्री सवार थे, जिनमें से कई को मामूली चोटें आई हैं। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के करीब सुबह 5 बजे बदन ट्रेवल्स की यात्री बस डौरा क्षेत्र के एक घाट पर चढ़ाई कर रही थी। तभी बस अचानक अनियंत्रित होकर पीछे की ओर ढलने लगी और सड़क से उतरकर पास के धान के खेत में पलट गई। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बस से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

# दो लाख 65 हजार की चोरी का पर्दाफाश तीन आरोपित गिरफ्तार

**धमतरी।** जिले में नगरी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से चोरी के चांदी के जेवर, नकदी रकम और चोरी की रकम से खरीदी गई मोटरसाइकिल सहित कुल एक लाख 74 हजार रुपये का माल बरामद किया गया है।





मिली जानकारी के अनुसार, लाइनपारा वार्ड क्रमांक 10 निवासी मनोज कुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सात अक्टूबर की रात जैन मंदिर में भक्ति कार्यक्रम के दौरान पूरा परिवार घर में ताला लगाकर कार्यक्रम में गया था। रात करीब 11:30 बजे लौटने पर देखा कि घर का गोदरेज और लाकर खुला हुआ था। जांच में पाया गया कि घर से 2 लाख 15 हजार रुपये नकद, एक चांदी का करधन, 8 जोड़ी चांदी की पायल और एक चांदी का सिक्का चोरी हो गया है। इस पर थाना नगरी में धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। तीनों आरोपित जेल भेजे गए। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आरोपितों से मिली बरामदगीः तामेन्द्र यादव (19 वर्ष), निवासी जंगलपारा, रानी दुर्गावती चौक, नगरी से ङ्क चांदी के जेवर (करधन, 8 जोड़ी पायल, 1 सिक्का) और 20,000 रुपये नकद, कुल 70,000 रुपये मूल्य का सामान। पुष्पजीत उर्फ जीतू खरे (19 वर्ष), निवासी जंगलपारा, दुर्गावती चौक, नगरी से ङ्क चोरी की रकम से खरीदी गई काली रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, कीमत 79,000 रुपये। लक्की गुप्ता (19 वर्ष), निवासी जंगलपारा, स्कूल के पास, नगरी से ङ्क 25,000 रुपये नकद बरामद। कुल 1 लाख 74 हजार रुपये का माल गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया।

# पुलिस स्मृति दिवस समारोह में बलदिान पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**जांजगीर-चांपा, एजेंसी।** कर्तव्य के पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस जवानों की याद में मंगलवार को पुलिस लाइन खोखरा भाठा, जांजगीर में पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के परिजनों ने बल?दान पुलिस जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ परेड के साथ हुआ, जिसमें पुलिस के विभिन्न प्लाटूनों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर बल?दान जवानों के सम्मान में सलामी दी। साल 01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच कर्तव्य पालन के दौरान बल?दान हुए जवानों को स्मरण करते हुए उनके नामों का वाचन किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने इस अवसर पर संपूर्ण भारत में पिछले एक वर्ष के दौरान बल?दान हुए 191 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों को पढ़कर सुनाया। इसके पश्चात शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और परेड द्वारा शोक शस्त्र की औपचारिक कार्यवाही की गई।



कार्यक्रम के दौरान जिला जांजगीर-चांपा के बलिदान –प्रधान आरक्षक रामशंकर पाण्डेय (सिवनी नैला), आरक्षक रामकुमार कश्यप (महंत थाना नवागढ़), प्रधान आरक्षक ललित खरसन, उपनिरीक्षक लोकेश टंडन (रविदास चौक जांजगीर), आरक्षक समय लाल कश्यप (ग्राम पुछेली थाना बम्हनीडीह), उपनिरीक्षक रूद्रप्रताप सिंह (सोनसरी थाना मुलमुला) –तथा जिला शक्ति के शहीद उपनिरीक्षक दीपक भारद्वाज (पिहरीद थाना मालखरौदा), आरक्षक अजीत सिंह(कंवलाझर थाना डभरा), आरक्षक मनोहर लाल चन्द्रा (फरसवानी डभरा), आरक्षक मनोज कुमार बरेठ (कुम्हारीकला थाना बाराद्वार), आरक्षक कमलेश कुमार साहू (हसौद) के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परिजनों से भेंटकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा भी की।

स्मृति दिवस परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल (11वीं वाहिनी छ.स. बल पुटपुरा, जांजगीर) ने किया। कार्यक्रम में विधायक ब्यास कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एएसपी यातायात उदयन बेहार, एएसपी सक्ति हरीश यादव, डीएसपी कविता ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, सीएसपी योगिताबाली खापर्डे, जिला सेनानी योगिता साहू, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा सहित जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस के बलदिान जवानों के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना और जनमन योजना में रायगढ़ बना प्रदेश का अग्रणी जिला

**रायगढ़, एजेंसी।** इस दीपावली में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के हजारों परिवारों के घरों में खुशियों का उजाला फैलेगा, जो केवल दीपों की रोशनी से नहीं, बल्कि ÷अपना घर होने के गर्व और आत्मसम्मान से जगमगाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत रायगढ़ जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 30 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता यह सब संभव हो पाया है। प्रदेश के वित्तीय मंत्री ओपी चौधरी के विशेष प्रयासो से लाभर्थियों ने अपना घर पाने का सपना पूरा हुआ है और इस बार की दीवाली में नए घर का आंगन दिए से रोशन होने जा रहा है। रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों में से इन 30 हजार से अधिक घरों का निर्माण समय पर पूरा होना न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण है, बल्कि यह ग्रामीण हितग्राहियों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का नया अध्याय भी जोड़ रहा है। इस बार दीपावली उनके लिए वास्तव में विशेष होगी, क्योंकि इस बार दीये उन घरों में जलेंगे, जिनकी दीवारें खुद उनकी मेहनत, उम्मीदों और सरकारी योजनाओं की संवेदनशीलता की कहानी कह रही हैं।

**मिशन मोड में दिखाई दी रायगढ़ की प्रतिबद्धता:** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में रायगढ़ जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ÷जन-आंदोलन÷ का स्वरूप दे दिया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की टीमों ने गांव-गांव जाकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की, हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया और हर स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से काम को गति दी। जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य धीमा पाया गया, वहां तत्काल समीक्षा बैठकें लेकर कारणों का विश्लेषण किया गया और जिम्मेदार अमले पर सख्त कार्रवाई की गई। परिणामस्वरूप रायगढ़ जिला आज प्रदेश में सबसे आगे खड़ा है, जहां 5 हजार, 10 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार आवास निर्माण के सभी चरणों में लक्ष्य सबसे पहले पूरे किया गया।

**आवास योजना से बढ़ा रोजगार, सशक्त हुई महिलाएं:** प्रधानमंत्री आवास योजना ने सिर्फ छत नहीं दी बल्कि इसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दी है। जिले में महिला स्व-सहायता समूहों को सेटरिंग प्लेट निर्माण और आपूर्ति कार्य में जोड़ा गया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय और आत्मनिर्भरता दोनों मिल रही हैं।

# मुख्यमंत्री ने महाकाल लोक परिसर में वाटर स्क्रीन प्रोटेक्शन और फाउंटेन शो का किया लोकार्पण

## श्री महाकालेश्वर बैंड और श्री अन्न लड्डू प्रसादम का शुभारंभ

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के अवसर पर सोमवार महाकाल लोक परिसर रुद्र सागर उज्जैन में वाटर स्क्रीन प्रोटेक्शन और फाउंटेन शो का लोकार्पण किया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने 18 करोड़ 7 लाख रुपए से स्थापित लेजर एंड साउंड शो में भगवान श्री महाकालेश्वर, मोक्षदायनी शिप्रा नदी और अवंतिका नगरी की कीर्ति गाथा को प्रदर्शित किया। लगभग 25 मिनट अवधि का लाइट एंड साउंड शो देखते ही बनता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में अन्न लड्डू प्रसादम का शुभारंभ किया, जो मिलेट (श्रीअन्न) से निर्मित होगा। साथ श्री महाकालेश्वर बैंड का भी शुभारंभ हुआ। महाकाल बैंड ने प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर महाकाल लोक परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित किए और दीपदान किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राष्ट्र का तेजी से विकास हो रहा है। पूरे देश में उज्जैन अर्थात अवंतिका नगरी का विशेष स्थान है। उज्जैन का अपना गौरवमयी इतिहास है। रुद्र सागर महाकाल लोक परिसर में लाइट एंड साउंड शो से उज्जैन आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु उज्जैन की गौरव गाथा से परिचित होंगे। यह शो उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत करेगा। डॉ. यादव ने महाकाल बैंड की प्रस्तुति की सराहना की। आगामी महाकाल सवारी तथा अन्य पर्वों पर नियोजित ढंग से बैंड प्रस्तुति होगी।

इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में कुष्ठ धाम में मनाई दीपावली

## मिठाई, पटाखे और उपहार किए वितरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन में हामूखेड़ी कुष?ठधाम पहुंचकर कुष्ठ रोगियों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुष्ठ रोगियों को पटाखे, मिठाई और उपहार भी वितरित कर दीपावली की मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, अधिकारी कर्मचारी नागरिक गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज अपने भाई-बहनों के साथ दीपावली त्यौहार मनाने का आनंद आ रहा है। इस शुभ अवसर पर आत्मीयता की ऊष्मा से सभी का कल्याण हो। सभी स्वस्थ हो और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुष्ठ रोगियों के सहायतार्थ कलेक्टर को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवार का नियोजित ढंग से सर्वेक्षण करवाया जाए। जो भी आवश्यक सहायता होगी शासन उपलब्ध कराएगा। कुष्ठ रोगियों को पेंशन भी सुनिश्चित रूप से मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर उज्जैन शहर में हो रहे चौमुखी विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि आज टू-लेन और फोर-लेन सड़कों का निर्माण, रोजगार के लिए फैक्ट्रियों की स्थापना हो रही है। सभी ओर विकास नजर आ रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रेरणा से समाजसेवी श्री प्रकाश यादव द्वारा प्रत्येक कुष्ठ रोगी परिवार को अपनी ओर से 21-21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की गई।

**दीपावली के दीए और पूजन सामग्री खरीदी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हामुखेड़ी से लौटते समय नागझिरी रोड पर उमेश की दुकान से दीपावली की सामग्री खरीदी। मुख्यमंत्री ने दुकानदार के साथ आत्मीयता से बात करते हुए दीपावली के दीए, धानी तथा झाड़ू आदि सामग्री खरीदी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दुकानदार की बालिका से उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की और अच्छे से पढ़ाई के लिए प्रेरित

# पुलिस स्मृति दिवस परेड: मुख्यमंत्री यादव ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों से भी की मुलाकात





**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के नवीन शहीद स्मारक में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया. सीएम यादव ने परेड की सलामी लेकर शहीदों को नमन किया. बता दें कि प्रदेश में हर साल की तरह इस साल भी 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया. इस दौरान पारंपरिक तरीके से पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इसके बाद सीएम यादव ने वीरगति को प्राप्त पुलिस जवानों के परिजनों, परेड कमांडर और पाल बेयरर पार्टी से भेंट की।

### ये 11 जवान हुए शहीद

इस साल मप्र पुलिस के 11 जवान शहीद हुए हैं. इनमें निरीक्षक स्व. संजय पाठक, निरीक्षक स्व. रमेश कुमार धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक स्व. रामचरण गौतम, सहायक उप निरीक्षक स्व. महेश कुमार कोरी, प्रधान आरक्षक स्व. संतोष कुशवाह, प्रधान आरक्षक स्व. प्रिंस गर्ग, प्रधान आरक्षक स्व.अभिषेक शिंदे, प्रधान आरक्षक स्व. गोविंद पटेल, आरक्षक स्व. अनुज सिंह, आरक्षक स्व. सुंदर सिंह बघेल और आरक्षक स्व. अनिल यादव शामिल हैं।

### क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस?

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 16 हजार फीट की ऊंचाई पर सीआरपीएफ के जवानों की टुकड़ी, सब इंस्पेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी. इस दौरान चीनी सेना के साथ मुठभेड़ में 10 जवान शहीद हो गए थे, जिनकी याद में देश की सभी पुलिस इकाईयों द्वारा हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

# शिवराज सिंह को वेबसाइट से भेजें शिकायत और सुझाव

## केन्द्रीय मंत्री बोले- यह भी मामा के घर जैसा ठिकाना, अब संपर्क और आसान होगा



**भोपाल, एजेंसी।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक कोई भी समस्या की शिकायत और सुझाव भेजने के लिए लोग सीधे उनसे जुड़ सकेंगे। दीवाली के मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने एक नई शुरुआत की है। अब शिवराज सिंह चौहान की ऑफिशियल वेबसाइट पर आम लोग सीधे संवाद कर सकेंगे। वेबसाइट मामा के घर जैसा आत्मीय ठिकाना

शिवराज ने दीवाली की बधाई देते हुए कहा- मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि मैं हर माध्यम से जुड़ सकूं। आपसे संवाद कर सकूं। आज दीपावली के शुभ अवसर पर अब संवाद के लिए हम एक नया माध्यम शुरू कर रहे हैं और वो है हमारी वेबसाइट https://www.shivrajsinghchouhan.co.in/ ..............। यह सिर्फ एक वेबसाइट नहीं, बल्कि यह %मामा के घर% जैसा आत्मीय ठिकाना है।

**वेबसाइट पर विभाग की योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी-** शिवराज ने कहा- वेबसाइट पर आपको मेरे व्यक्तिगत जीवन, राजनीतिक यात्रा सहित और भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। मध्यप्रदेश के %बीमारू से विकसित% बनाने कहानी के साथ ही कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में भी जान सकेंगे।

**मुलाकात की फोटो भी आसानी से मिलेंगी-** वेबसाइट के माध्यम से कोई सुझाव देना हो या मेरे साथ वृक्षारोपण करना हो, महत्वपूर्ण खबरें, प्रेस रिलीज, फोटो, वीडियो प्राप्त करना हो, इससे अब संपर्क और भी आसान हो जाएगा। बस एक क्लिक की जरूरत है और मैं आपसे जुड़ जाऊंगा। आइये, सेवा और संवाद के इस सेतु से जुड़ें।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल पलटने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

## पीओपी का सामान लादे था वाहन, मौके पर ही दब गया किशोर, CCTV आया सामने

**भोपाल, एजेंसी।** शहर के ऐशबाग थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर अरहान खान की मौत हो गई। अरहान अपने साथी नावेद के साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल में पीओपी (पेरिस ऑफ प्लास्टर) का सामान लेकर जा रहा था। रास्ते में वाहन असंतुलित होकर पलट गया, जिससे अरहान वाहन के नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह हमीदिया अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। परिवार के मुताबिक, अरहान वाहन में सवारी के रूप में बैठा था, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों पीओपी का काम साथ करते थे।

**ऊपर तक भरा था पीओपी का सामान,एंगल-** ऐशबाग थाना प्रभारी विजय बहादुर सेंगर ने बताया कि हादसा सोमवार शाम करीब चार बजे सोनिया नगर के पास हुआ। वाहन में ऊपर तक पीओपी का सामान एंगल और मोल्डिंग सामग्री लदी हुई थी। अधिक वजन और असंतुलन के कारण इलेक्ट्रिक व्हीकल पलट गया। सेंगर ने बताया कि ÷ऑटो पलटने से पूरा सामान और वाहन किशोर के ऊपर गिर गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन चालक नावेद नाम का युवक बताया जा रहा है, जो हादसे के बाद मौके से लापता हो गया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि वह भी घायल है और किसी निजी अस्पताल में भर्ती हो सकता है। उसकी तलाश जारी है। इस बीच, हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल को तेज रफ्तार में जाते और कुछ ही सेकेंड में पलटते हुए देखा जा सकता है। घटनास्थल पर हादसे के तुरंत बाद भारी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन अफरा-तफरी के बीच कोई वाहन का नंबर नोट नहीं कर सका। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और चालक की पहचान की कोशिश कर रही है।

### प्रभारी उपायुक्त आबकारी उड़नदस्ता आलोक खरे सस्पेंड

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य शासन ने प्रभारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता रीवा आलोक खरे को सस्पेंड कर दिया है। लोकायुक्त पुलिस द्वारा खरे के विरुद्ध की गई छापेमारी में करोड़ों की संपत्ति जब्त की गई थी। लोकायुक्त पुलिस ने आबकारी विभाग द्वारा दी गई अभियोजन की स्वीकृति के बाद इसी माह खरे के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया है। इसके चलते शासन ने यह कार्रवाई की है।राज्य शासन ने आलोक खरे को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए।

वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा शनिवार को अवकाश के बावजूद खरे के सस्पेंशन आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर आलोक खरे जो वर्तमान में प्रभारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता रीवा पदस्थ हैं, इनके विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस भोपाल द्वारा अनुपातहीन संपत्ति अर्जित किए जाने के मामले में अपराध क्रमांक 238/2019 दर्ज किया गया है।

# इंजीनियर की हत्या के आरोपी पुलिसकर्मियों को मिली नई पहचान

## कैदी नंबर 3808-3809 बने सौरभ और संतोष, जेल में अब तक कोई मिलने नहीं आया

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के इंजीनियर उदित गायकी की हत्या करने वाले आरोपी आरक्षक सौरभ आर्य और संतोष को सेंट्रल जेल में नई पहचान मिली है। संतोष कैदी नंबर 3808 और सौरभ को कैदी नंबर 3809 के रूप में जाना जा रहा है। दोनों को एक साथ अ खंड बंदी वार्ड में रखा गया है। दोनों को सुरक्षा कारणों के चलते एक साथ रखा है। जेल जाने के बाद से ही सौरभ आर्य गुमसुम है। जबकि संतोष अब भी पुलिसिया रसूख में है।

दोनों की 13 अक्टूबर रात को जेल में आमद हुई थी। हालांकि अब तक दोनों से एक भी परिचित मिलने नहीं आया। एक अधिकारी ने उसने बातचीत की तो दोनों ने स्वयं को बेगुनाह बताया। दावा किया कि बल प्रयोग जरूर किया लेकिन कमर के निचले हिस्से में मारा था। उदित पहले ही नशे में था, उसने ही पहले बदसलूकी की थी। समझाने पर भी मौके से जाने को तैयार नहीं था। लिहाजा उसके साथ सख्ती बरतना पड़ी।

आरोपियों को चेहरा छिपाकर कोर्ट में पेश किया गया था

डीएसपी केतन अडलक के साले और सॉफ्टवेयर इंजीनियर उदित गायकी (20) को पीटने वाले दोनों पुलिस आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य को ठीक आठ दिन पहले जेल भेज दिया था। इससे पहले दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस इन्हें नकाब पहनाकर कोर्ट लाई थी और नकाब में ही वापस ले गई।

9 अक्टूबर की रात को पिपलानी थाने में पदस्थ आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य ने उदित की डंडे से पिटाई की थी। इसका वीडियो भी सामने आया था।

पिटाई के बाद उदित बेहोशी की हालत में पहुंच गया था। उसके दोस्त उसे एम्स लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उदित के शरीर पर 16 जगहों पर गंभीर चोट के निशान मिले। अगले दिन 10 अक्टूबर की सुबह उदित की मौत हो गई थी। 10 अक्टूबर की दोपहर को दोनों आरक्षकों को सस्पेंड भी कर दिया था।

11 अक्टूबर को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उदित की मौत की वजह बेरहमी से पिटाई होना बताई गई। रिपोर्ट में मौत की वजह ट्रॉमा अटैक और पेनक्रियाज डैमेज बताया गया।

# थार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, भोपाल में दिवाली की रात हादसे में दो घायल, गुस्साए लोगों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में दिवाली की रात लाल रंग की थार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, दो गंभीर हैं। घायलों को भोपाल के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला ईंटखेड़ी का है। मृतकों की पहचान अब्दुल मुख्तार और अब्दुल गनी के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद थार का ड्राइवर साथ में चल रही जीप में बैठकर साथियों के साथ भाग निकला। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने थार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने बताया कि थार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शव परिजन को सौंपे जाएंगे। मृतकों के परिजन ने रात में ही पोस्टमॉर्टम कर शव सौंपने की मांग की। इस बात को लेकर देर रात तक गांधी मेडिकल कॉलेज की मर्चुरी के बाहर भीड़ लगी रही।

**बाइक समेत कई फीट तक घसीट ले गई:** अब्दुल मुख्तार के बेटे फारुख हादसे के वक्त मौके पर मौजूद थे। उन्होंने बताया- तेज रफ्तार थार गनी भाई को बाइक समेत कई फीट तक घसीट ले गई। मेरे पिता इसी दौरान कार की चपेट में आए। इसके बाद थार सीधी फेंसिंग में जा घुसी। वहीं, अब्दुल गनी के बेटे मोहम्मद जुबेर ने कहा- पिता किसी काम से सिटी के लिए निकले थे। गौशाला चौराहे पर रोड पार करने के लिए खड़े थे, इसी दौरान थार ने टक्कर मारी। ड्राइवर इतनी स्पीड में था कि उसने पहले मेरे पिता, फिर आगे वाले लोगों को भी उड़ा दिया। हमें मोहल्ले वालों से हादसे का पता चला। हम मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस बुलाकर पिता को हमीदिया अस्पताल लाए। हम चाहते हैं कि आरोपी पर कार्रवाई हो। हमें न्याय मिले।

# मोहासा-बाबई प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर और मेक इन इंडिया के विजन को करेगा साकार

### फेज-2 में 9 इकाइयों को 551 एकड़ भूमि आवंटित

### 39,210 करोड़ रूपये होगा निवेश और 14,777 रोजगार होंगे सृजित

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प से मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति अब केवल कागजों तक सीमित नहीं रही है बल्कि प्रदेश की धरती पर औद्योगिक परिवर्तन की मजबूत नींव बन चुकी है। नर्मदापुरम जिले का मोहासा-बाबई इस दृष्टि का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जहां राज्य शासन ने विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के विनिर्माण के लिए ऐसा औद्योगिक ढांचा विकसित किया है जो आने वाले वर्षों में भारत के ग्रीन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन की दिशा तय करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फोकस इस बात पर भी है कि प्रदेश में स्थापित हर औद्योगिक परियोजना केवल निवेश तक सीमित न रहे, बल्कि वह तकनीकी आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और हरित विकास की भावना को आगे बढ़ाए। यही सोच मोहासा-बाबई प्रोजेक्ट को एक साधारण औद्योगिक विस्तार से आगे बढ़ाकर भविष्य की औद्योगिक क्रांति का आधार बना रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास केवल निवेश का प्रतीक नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उद्योग केवल शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि जिले और विकासखंड स्तर तक औद्योगिक ढांचे का विस्तार हो, जिससे प्रदेश के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और उद्यम के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री का यह विजन उद्योगों को स्थानीय संसाधनों, कौशल विकास और पर्यावरणीय संतुलन के साथ जोड़कर विकास के विकेन्द्रीकरण का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।

राज्य शासन द्वारा नर्मदापुरम जिले के मोहासा-बाबई औद्योगिक क्षेत्र को ग्रीन फील्ड मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट के रूप में विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के सुविचारित कदमों ने इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और इकाइयों को व्यवहारिक सुविधाएं देने के लिए ऐसी नीतियां लागू की गई हैं, जिनसे औद्योगिक माहौल निवेशकों के लिए और अधिक अनुकूल बना है।

मोहासा-बाबई औद्योगिक क्षेत्र के फेज-1 में 884 एकड़ भूमि पर 22 इकाइयाँ को 514.50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यहां 17,750 करोड़ रूपये के निवेश और 21,777 लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रस्तावित हुए हैं। यू एनर्जी, लेण्डसमिल ग्रीन एनर्जी, रेज ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने भूखण्डों पर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। फेज-1 की सफलता ने राज्य शासन को अगले विस्तार के लिए मजबूत आधार दिया और इसी क्रम में फेज-2 का विकास प्रारंभ हुआ।

फेज-2 में कुल 9 इकाइयों को 551 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसमें 7 इकाइयाँ विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में और 2 इकाइयाँ औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई के अंतर्गत स्थापित होंगी। इन इकाइयों में कुल 39,210.55 करोड़ रूपये का निवेश और 14,777 लोगों के लिए रोजगार है। इसमें सातविक सोलर इंडस्ट्रीज प्रा.लि. द्वारा 10,000 करोड़ रूपये के निवेश से 2,500 रोजगार और 185 एकड़ भूमि का उपयोग किया जा रहा है। ग्रेव पीवी प्रा.लि. द्वारा 5,533 करोड़ रूपये का निवेश, 1,320 रोजगार और 65 एकड़ भूमि, कॉस्मिक पीवी पावर लि. द्वारा 4,000 करोड़ रूपये का निवेश, 1,000 रोजगार और 60 एकड़ भूमि, गौतम सोलर पावर प्रा.लि. द्वारा 4,000 करोड़ रूपये का निवेश, 4,000 रोजगार और 40 एकड़ भूमि, ग्रेव एनर्जी प्रा.लि. द्वारा 3,997.85 करोड़ रूपये का निवेश, 1,657 रोजगार और 64 एकड़ भूमि, इंटीग्रेटेड बैटरिज इंडिया प्रा.लि. द्वारा 3,381 करोड़ रूपये का निवेश, 1,000 रोजगार और 40 एकड़ भूमि तथा एचईटीआईएच ग्रीन एनर्जी प्रा.लि. द्वारा 3,298.7 करोड़ रूपये का निवेश, 2,050 रोजगार और 52 एकड़ भूमि शामिल हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई फेज-2 में ओरियाना पावर लि. द्वारा 4,500 करोड़ रूपये का निवेश, 1,000 रोजगार और 30 एकड़ भूमि, तथा एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज लि. द्वारा 500 करोड़ रूपये का निवेश, 250 रोजगार और 15 एकड़ भूमि निर्धारित की गई है।

फेज-2 के निवेशकों को अत्यंत आकर्षक रियायतें प्रदान की जा रही हैं जिनमें प्रचलित भूमि मूल्य के केवल 25 प्रतिशत प्रीमियम पर भूखंड आवंटन, वास्तविक विकास शुल्क का भुगतान 20 वार्षिक किश्तों में करने की सुविधा, 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति और जल आपूर्ति मात्र 25 रूपये प्रति किलोलीटर की दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। मोहासा-बाबई परियोजना हरित ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्वच्छ और सस्टेनेबल उद्योगों के लिए आदर्श मॉडल के रूप में विकसित हो रही है। यहां स्थापित इकाइयाँ सौर ऊर्जा, बैटरी निर्माण और ऊर्जा उपकरण उत्पादन के माध्यम से भारत की आयात निर्भरता को कम करेंगी और प्रदेश को ऊर्जा उपकरण निर्माण का केंद्र बनाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि मध्यप्रदेश में हर औद्योगिक परियोजना विकास का नया मानक स्थापित करे और प्रदेश की औद्योगिक पहचान को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाई दे। मोहासा-बाबई प्रोजेक्ट इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण बन चुका है।

साउथ अफ्रीका बनाम पाकिस्तान :

# केशव महाराज के नाम 7 विकेट, मेजबान 333 रन पर ढेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की टीम रावलपिंडी में जारी दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में महज 333 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक, सऊद शकील और कप्तान शान मसूद ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम को 35 के स्कोर पर इमाम-उल-हक (17) के रूप में झटका लगा। इसके बाद अब्दुल्ला शफीक ने कप्तान मसूद के साथ दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी करते हुए पाकिस्तान को संभाला। शफीक 146 गेंदों में चार चौकों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम (16) भी चलते बने। पाकिस्तानी टीम का जब तीसरा विकेट गिरा, उस समय तक स्कोर 167 रन था।

यहां से कप्तान मसूद ने सऊद शकील के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रन जुटाते हुए टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। मसूद 176 गेंदों में 87 रन बनाकर आउट हुए। 246 के स्कोर तक पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान (19) का विकेट भी गंवा दिया था। यहां से सलमान आगा ने सऊद शकील के साथ छठे विकेट के लिए 70 रन जुटाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। आगा 45 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शकील ने 66 रन टीम के खाते में जोड़े। पाकिस्तान की इस पारी में बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने 42.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने 102 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, साइमन हार्मर ने 2 सफलताएं हासिल कीं। शेष 1 विकेट तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने अपने नाम किया। पाकिस्तान ने दो मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच 93 रन से अपने नाम करते हुए सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। ऐसे में मेजबान टीम की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर 2-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीकी टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-1 से ड्रॉ करवाने की कोशिश करेगी।

## एशेज सीरीज की तैयारी में जुटे स्टीव स्मिथ, स्ट्रेंथ टेस्ट के नतीजे रहे शानदार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के मुताबिक वह एशेज सीरीज से पहले अपनी तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। स्मिथ ने बताया है कि उनके स्ट्रेंथ टेस्ट के नतीजे अब तक के सबसे शानदार रहे हैं।36 वर्षीय स्मिथ विपक्षी टीम को आगाह करते हुए बता चुके हैं कि घरेलू मैदान पर बिजी शेड्यूल के मद्देनजर उनकी अपनी फिटनेस चरम पर है। फॉक्स स्पोर्ट्स के हवाले से स्मिथ ने कहा, मैं बेहद कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं। काफी वजन उठा रहा हूं। खुद को मजबूत बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने बीते दिन अपने सभी स्ट्रेंथ टेस्ट किए और उनके नतीजे अब तक के सबसे अछे रहे हैं। मुझे लगता है कि मैं एक शानदार समर सीजन के लिए तैयार हूं।

स्मिथ ने अगस्त में समाप्त हुए द हंड्रेड के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। स्मिथ पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क से लौटे, जिसके बाद उन्होंने तीन नेट सेशन किए हैं। वह अगले महीने होने वाली एशेज की तैयारी शुरू करने के लिए मंगलवार को पहली बार गेंदबाजों का सामना करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 21 नवंबर से एशेज सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पर्थ में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जिससे पहले स्मिथ दो शेफील्ड शील्ड मुकाबले खेलने की योजना बना रहे हैं। वह अगले हफ्ते ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलने के बाद नवंबर में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर विक्टोरिया के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं।

न्यू साउथ वेल्स के इस खिलाड़ी ने मानसिक थकान की चिंता की वजह से अपने ग्रीष्मकालीन सत्र की शुरुआत स्थगित कर दी है। स्मिथ का लक्ष्य पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले खुद को यादा थकाने से बचाना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस फैसले का समर्थन किया है। स्मिथ ने कहा, मुझे लगता है कि अब मैं पहले की तुलना में मानसिक रूप से जल्दी थक जाता हूं। मैं जानता हूं कि अगर मैं सीजन की शुरुआत में यादा मैच खेलता हूं, तो गर्मियों के अंत तक मानसिक रूप से काफी थक जाता हूं और शायद वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता। निश्चित रूप से इसमें संतुलन जरूरी है, लेकिन अब मुझे खेल की गति पकड़ने में अधिक समय नहीं लगता। मैं कोशिश करता हूं कि जितना हो सके, मानसिक रूप से तरोताजा बना रहूं।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम में तख्तापलट, मोहम्मद रिजवान से छिनी वनडे की कप्तानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान से वनडे फॉर्मेट की कप्तानी छीन ली है। शाहीन अफरीदी को इस टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अचानक हुए इस बदलाव के पीछे की वजह नहीं बताई है।इससे पहले, शाहीन अफरीदी जनवरी 2024 में न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 फॉर्मेट में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की कमान संभाल चुके थे, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उस दौरे पर पाकिस्तान को 5 मुकाबलों की टी20 सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अफरीदी से टीम की कमान छीन ली गई थी। बतौर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 20 वनडे मैच खेले, जिसमें 9 मुकाबलों में उन्हें कामयाबी मिली, जबकि 11 मैच में टीम को शिकस्त झेलनी पड़ी। कप्तान के तौर पर रिजवान ने वनडे फॉर्मेट की 18 पारियों में 41.66 की औसत के साथ 625 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने कराची में साउथ अफ्रीका के विरुद्ध नाबाद 122 रन बनाए।

दूसरी ओर, बाएं तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पाकिस्तान की ओर से 66 वनडे मुकाबलों में 24.28 की औसत के साथ 131 विकेट हासिल कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 3 बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट अपने नाम किए हैं।

फिलहाल पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में दूसरा टेस्ट मैच खेल रही है। मुकाबले के पहले दिन के खेल के बाद पीसीबी ने नए कप्तान की घोषणा की है। मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी इस मुकाबले का हिस्सा हैं।

पाकिस्तानी टीम लाहौर में खेले गए पहले टेस्ट मैच को 93 रन से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में मेजबान टीम सीरीज का दूसरा मुकाबला जीतकर 2-0 से क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

टेस्ट सीरीज के बाद पाकिस्तान की टीम 28 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेगी, जिसके बाद 4-8 नवंबर के बीच दोनों देश इतने ही मुकाबलों की वनडे सीरीज खेलेंगे, जिसमें पाकिस्तानी टीम अपने नए कप्तान के साथ उतरेगी।

# टीम इंडिया ने एडिलेड में खेले 15 वनडे मैच, जानिए कैसा है रिकॉर्ड?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में 23 अक्टूबर को वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाना है, जिसमें टीम इंडिया जीत के साथ सीरीज में बराबरी करना चाहेगी। इस मैदान पर भारत ने अब तक कुल 15 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें टीम इंडिया ने 9 मैच अपने नाम किए, जबकि पांच मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक मैच टाई रहा।भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 23 दिसंबर 1980 को इस मैदान पर पहला वनडे मैच खेला था, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 6 रन से जीत दर्ज की। जनवरी 1986 में भारत ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और जीत दर्ज की, जबकि ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा।


दिसंबर 1991 में भारत ने इस मैदान पर कुल दो मैच खेले, जिसमें वेस्टइंडीज को मात देने के बाद एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त झेली। भारत ने 15 मार्च 1992 को इस मैदान पर साउथ अफ्रीका के हाथों 6 विकेट से शिकस्त झेली।

जनवरी 2000 में भारत ने यहां दो मुकाबले खेले। 25 तारीख को उसने पाकिस्तान के खिलाफ 48 रन से मुकाबला जीता, लेकिन अगले ही दिन उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों 152 रन से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

24 जनवरी 2004 को भारत ने इस मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 रन से करीबी जीत दर्ज की थी। फरवरी 2008 में भारत ने यहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त झेलने के बाद श्रीलंका को मात दी।

12 फरवरी 2012 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को इस मैदान पर पहली बार हराया। 14 फरवरी को श्रीलंका के विरुद्ध मुकाबला टाई रहा। भारत ने 15 फरवरी 2015 को पाकिस्तान के खिलाफ यहां 76 रन से जीत दर्ज की, जिसके बाद 15 जनवरी 2019 को ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ 6 विकेट से मुकाबला जीता। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी वनडे सीरीज का पहला मैच गंवा चुकी है। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में टीम इंडिया ने 26 ओवरों के खेल तक 9 विकेट खोकर 136 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 21.1 ओवरों में 131 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से जीत दर्ज की।

## सचिन तेंदुलकर समेत भारतीय क्रिकेटर्स ने फैंस को दी दीपावली पर शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली के मौके पर सचिन तेंदुलकर समेत तमाम मशहूर क्रिकेटर्स ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को शुभकामनाएं दी हैं।मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, आपको खुशहाल और सुरक्षित दीपावली की शुभकामनाएं। आनंद लें और अपना ख्याल रखें। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह दीपावली आपके जीवन को शांति, समृद्धि और अनंत खुशियों से भर दे। सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह, आपको और आपके परिवार को शानदार और खुशहाल दीपावली की शुभकामनाएं! रोशनी का यह त्योहार आपके और आपके प्रियजनों के लिए खुशियां और समृद्धि लेकर आए। सुरक्षित और आनंदमय दिवाली मनाएं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने एक्स पोस्ट में लिखा, जैसे रोशनी हर घर को जगमगाए, वैसे ही हर मन में शांति और आनंद का वास हो। सभी को दीपावली की शुभकामनाएं! श्रेयस अय्यर ने लिखा, सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! आप सभी का जीवन प्रकाश, प्रेम और अनंत आनंद से भरा रहे।

भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लिखा, रोशनी, खुशी और ढेर सारी सकारात्मकता। आप सभी को जगमगाती दीपावली की शुभकामनाएं! भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने लिखा, सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! इस पावन पर्व के प्रकाश से सारा अंधकार दूर हो जाए!

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, दीपावली का दिव्य प्रकाश आपके जीवन को शांति, समृद्धि और आनंद से आलोकित करे। आप सभी को उवल और सुंदर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं! पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष के बाद अयोध्या लौटे, तो नगरवासियों ने दीप जलाकर इसकी खुशी मनाई थी। इस तरह त्रेता युग की पहली दीपावली मनाई गई।

## महिला विश्व कप : हार से निराश स्मृति मंधाना, यकीन था कि भारत जीत हासिल करेगा



**इंदौर, एजेंसी।** भारत को महिला विश्व कप 2025 के 20वें मैच में इंग्लैंड के हाथों 4 रन के करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप में लगातार तीसरी हार के बाद भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना जब प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में आई, तो बेहद निराश थीं।होल्कर स्टेडियम में रविवार को खेले मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 288 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 284 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 94 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 88 रन की पारी खेली, लेकिन टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी। मंधाना 41.2 ओवर में लिंसी स्मिथ की गेंद पर कैच आउट हुईं। उस वक्त भारत को जीत के लिए 51 रन की दरकार थी। इंग्लैंड के खेमे में जश्न का माहौल था, लेकिन स्टेडियम में मौजूद भारतीय फैंस खामोश थे। मुकाबले के बाद स्मृति मंधाना ने कहा, सभी के शॉट चयन देखकर लगता है कि हम अपने शॉट चयन में और बेहतर कर सकते थे। खासकर इसकी शुरुआत मुझसे हुई। मैं मानती हूं कि शॉट चयन बेहतर होना चाहिए था। हमें बस प्रति ओवर छह रन की दरकार थी। शायद हमें मैच को और आगे ले जाना चाहिए था। मैं खुद इसकी जिम्मेदारी लेती हूं, क्योंकि विकेट गिरने की शुरुआत मुझसे ही हुई। जब स्मृति आउट हुईं, तो उन्हें यकीन था कि भारत जीत हासिल करेगा। स्मृति ने बताया, मुझे यकीन था कि मैं उनका सामना कर सकती हूं। मैं कवर्स के ऊपर से यादा शॉट लगाने की कोशिश कर रही थी। मैंने उस शॉट की टाइमिंग गलत कर दी। शायद उस समय उस शॉट की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा, मुझे बस और धैर्य रखने की जरूरत थी। पूरी पारी के दौरान मैं खुद को धैर्य रखने और हवाई शॉट न खेलने के लिए कह रही थी। शायद उस पारी में भावनाएं हावी हो गईं, जो क्रिकेट में कभी काम नहीं आतीं। मुझे पूरा भरोसा था कि हम जीत हासिल कर लेंगे, लेकिन यह क्रिकेट है। आप कभी भी बहुत आगे नहीं सोच सकते।

# ब्रेंटफोर्ड ने वेस्ट हैम को हराया, सीजन का पहला प्रीमियर लीग अवे मैच जीता



**लंदन, एजेंसी।** ब्रेंटफोर्ड ने वेस्ट हैम पर 2-0 की शानदार जीत के साथ सीजन का अपना पहला प्रीमियर लीग अवे मैच जीत लिया है। इस जीत के साथ ब्रेंटफोर्ड ने नूनो एस्पिरिटो सैंटो के कोच बनने के बाद वेस्ट हैम के पहले घरेलू मैच का मजा किरकिरा कर दिया।अपने पिछले तीनों अवे लीग मैच हारने वाली मेहमान टीम शुरू से ही बेहतर प्रदर्शन कर रही थी। इगोर थियागो और सब्स्टीट्यूट मैथियास जेनसन के गोलों की बदौलत ब्रेंटफोर्ड ने जीत दर्ज की, जबकि यह हार वेस्ट हैम को अंकतालिका में 19वें स्थान पर और नीचे धकेल गई। 43वें मिनट में ब्रेंटफोर्ड ने बढ़त हासिल कर ली। वेस्ट हैम एक लॉन्ग बॉल को क्लीयर करने में नाकाम रहा। केविन शैड ने गेंद को हल्के से इगोर थियागो की दिशा में बढ़ाया, जिन्होंने लो शॉट लगाकर गोल किया। उनके शॉट में अल्फोंस एरीओला के टच के बावजूद गेंद को लाइन क्रॉस कराने की पर्याप्त शक्ति थी।

हाफटाइम से ठीक पहले थियागो ने एक और गोल दागा, जिससे बढ़त दोगुनी होती नजर आई, लेकिन उसे ऑफसाइड करार देते हुए रद्द कर दिया गया।

यह फैसला इसलिए दिलचस्प रहा, क्योंकि वैश्विक तकनीकी गड़बड़ी के चलते प्रीमियर लीग को अपने सेमी-ऑटोमेटेड ऑफसाइड सिस्टम को बंद कर पिछले सीजन के मैनुअल सिस्टम का इस्तेमाल करना पड़ा। हाफटाइम पर जब टीमें मैदान से बाहर जा रही थीं, तो वेस्ट हैम के खिलाड़ियों को दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा।

## चामरी अथापथु ने वनडे में रचा इतिहास, 4 हजार रन पूरे करने वाली पहली श्रीलंकाई महिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चामरी अथापथु वनडे इतिहास में 4,000 रन पूरे करने वाली पहली श्रीलंकाई महिला बल्लेबाज बन गई हैं। चामरी ने बांग्लादेश के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के 21वें मुकाबले में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 46 रन की पारी खेलते हुए वनडे फॉर्मेट में इस आंकड़े को छुआ है।चामरी अथापथु ने साल 2010 से अब तक अपने वनडे करियर में 120 मुकाबले खेले, जिसमें 35.17 की औसत के साथ 4,045 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 9 शतक और 20 अर्धशतक भी निकले। 17 अप्रैल 2024 को चामरी अथापथु साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मुकाबले में 195 रन की नाबाद पारी भी खेल चुकी हैं।

श्रीलंका की ओर से वनडे फॉर्मेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली महिला बल्लेबाजों में शशिकला सिरिवर्धने दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2003 से 2019 के बीच 118 मुकाबलों में 18.44 की औसत के साथ 2,029 रन जुटाए। इस दौरान उन्होंने 7 अर्धशतकीय पारियां भी खेलीं।

नवी मुंबई में जारी इस मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। श्रीलंकाई टीम को मुकाबले की पहली ही गेंद पर विशमी गुणरत्ने (0) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अथापथु ने हसिनी परेरा के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। फिलहाल श्रीलंका ने 16 ओवरों के खेल तक 3 विकेट खोकर 92 रन बना लिए हैं।

श्रीलंकाई टीम इस विश्व कप अब तक 5 मुकाबले खेल चुकी है, जिसमें एक भी जीत नसीब नहीं हुई। यह टीम अंकतालिका में सातवें पायदान पर है। वहीं, बांग्लादेश पांच में से एक मैच जीतकर छठे स्थान पर है।

श्रीलंका की प्लेइंग इलेवन = विशमी गुणरत्ने, चामरी अथापथु (कप्तान), हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, इनोका राणवीरा।

बांग्लादेश की प्लेइंग इलेवन = फरगाना हक, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, निगार सुल्ताना (कप्तान/विकेटकीपर), शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, नाहिदा अख्तर, राबिया खान, निशिता अख्तर निशि, मारुफा अख्तर।

# ट्रक चालक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार; ट्रक से ले गया था बेंगलुरु

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** त्योंथर तहसील के जनेह थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी ट्रक चालक है और उसकी पहचान पीड़िता से फेसबुक के माध्यम से हुई थी।



**9 सितंबर को दर्ज हुई थी गुमशुदगी:** जानकारी के अनुसार, पीड़िता के परिजनों ने 9 सितंबर 2025 को जनेह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 4 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की।

**4 अक्टूबर को प्रयागराज से मिली किशोरी:** पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी जनेह और उनकी टीम ने 4 अक्टूबर को अपहृता (अगवा लड़की) को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद के गौहनिया से दस्तयाब किया।

**पीड़िता ने बताया- बेंगलुरु ले जाकर किया रेप:** पुलिस पूछताछ में पीड़िता के बयान में सामने आया कि आरोपी सुजीत कुशवाहा उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। वह उसे ट्रक में बैठाकर पहले बैंगलुरु ले गया। जहां से बाद में वह उसे वापस लाया और प्रयागराज के गौहनिया में किराये का कमरा लेकर रखा। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने कई बार उसके साथ बलात्कार किया।

**पीओसीएसओ एक्ट में केस दर्ज, सतना से गिरफ्तारी:** पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने इस मामले में धारा 64 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता), 5/6 पॉक्सो एक्ट और 3 (2) (5) एससी-एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ाईं। पुलिस ने आरोपी सुजीत कुशवाहा (उम्र 25 वर्ष), पिता केमला प्रसाद कुशवाहा, निवासी सोहागी, जिला रीवा को 19 अक्टूबर की देर रात सतना से गिरफ्तार किया।

**थाना प्रभारी बोले- फेसबुक से हुई थी दोस्ती:** थाना प्रभारी जनेह कन्हैया बघेल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के बयान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया है। आरोपी से पीड़िता की पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी। आरोपी ट्रक चालक है। वह अपने साथ किशोरी को बैंगलोर ले गया। बाद में वापस आकर प्रयागराज के गौहनिया में एक किराए के मकान में उसको साथ में रखा और वहीं पर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया।

## ऑटो चालक के साथ लूट की वारदात, दिनदहाड़े मारपीट कर 1000 रुपए ले गए बदमाश; वाहन भी तोड़ा





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** दिवाली के दूसरे दिन यानी मंगलवार को सुबह 7:00 बजे एक ऑटो चालक के साथ मारपीट और लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायण चक्की के पास हुई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे पीटा, ऑटो तोड़ा और डिग्गी में रखे 1000 रुपए लूट लिए। खून से लथपथ पीड़ित अपनी फरियाद लेकर सिटी कोतवाली थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने मारपीट और लूट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

सुबह कमाने निकला था, तभी की मारपीट

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कमल हसन खान (निवासी बिछिया) ने बताया कि वह सुबह अपना ऑटो लेकर कमाने के लिए निकला था। ऑटो जैसे ही नारायण आटा चक्की के पास पहुंचा, तो वहां मौजूद बंसल समाज के लोगों ने ऑटो चालक के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट की। उन्होंने उसके ऑटो को तोड़ा और डिग्गी में रखें लगभग 1000 रुपए लूट लिए।

**पीड़ित बोला- वह नशेड़ियों का अड्डा है:** पीड़ित के मुताबिक, नारायण आटा चक्की के पास नशेड़ियों का अड्डा है और वहां आए दिन इस तरह की वारदात को बंसल समाज के लोगों द्वारा अंजाम दिया जाता है।

**पुलिस पर देर से फरियाद सुनने का आरोप:** ऑटो चालक का यह भी आरोप है कि घटना के बाद जब वह पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराने सिटी कोतवाली थाने पहुंचा, तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसकी फरियाद काफी देर से सुनी। फिलहाल, फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भा. किसान यूनियन टिकैत 26 अक्टूबर को भोपाल के लिए करेंगे कूंच

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक में प्रदेश महासचिव उमेश पटेल, जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह, शेषमणि पटेल, वी के तिवारी, बीरेंद्र मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, तेजभान शिवपति सिंह, नेत्रराज सिंह, और विजय पटेल उप जिला मीडिया प्रभारी रीवा मौजूद रहे।

बैठक में 26 अक्टूबर की तैयारी पर चर्चा करते हुए प्रदेश महासचिव ने कहा कि हमने 07 अक्टूबर को मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा बयां करने के लिए घोषणा की थी, लेकिन रीवा पुलिस प्रशासन ने सत्ता पक्ष के दबाव में आकर किसानों को नजरबंद कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया है। इससे हम डरने वालों में से नहीं हैं।

उमेश पटेल ने कहा कि हम संयुक्त किसान मोर्चा रीवा के साथ 26 अक्टूबर को भोपाल जाएंगे और मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों के दुख-दर्द को बयां करेंगे। उन्होंने नारा लगाते हुए कहा, कितनी ऊंची जेल तुम्हारी, देख लिया है, देखेंगे।

किसान यूनियन ने यह स्पष्ट किया है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी हद तक जाएंगे और सरकार से उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

## वृद्ध की हत्या के बाद परिवार को दी धमकियां, एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन, कहा- कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** हनुमना थाना क्षेत्र के कोन गांव में एक वृद्ध की हत्या के बाद उनके परिजनों को आरोपियों को धमकियां दी जा रही हैं। मृतक के बेटे सोनू उर्फ सोहनलाल कुशवाहा ने मंगलवार को मऊगंज एसपी कार्यालय पहुंचकर यह जानकारी दी।



**रास्ते के विवाद को लेकर हुआ था विवाद:** सोनू कुशवाहा ने बताया कि 30 सितंबर को रास्ते के विवाद के चलते पाठक परिवार के सदस्यों ने उनके पिता छोटेलाल कुशवाहा पर हमला किया था। गंभीर चोटों के कारण 7 अक्टूबर की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 8 अक्टूबर को शव का पोस्टमॉर्टम हुआ और 9 अक्टूबर को अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, चिंतामणि पाठक, शिवेंद्र कुमार पाठक और शिवाकांत पाठक नामक तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। फरियादी का आरोप है कि ये फरार आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार पीड़ित परिवार को धमकियां दे रहे हैं।

कई बार शिकायत के बाद भी अब तक नहीं हुई गिरफ्तारी

सोनू कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने 14 अक्टूबर को भी पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी और कलेक्टर संजय कुमार जैन को पत्र सौंपकर फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बावजूद, अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हत्या के मामले में शामिल आरोपी शिवेंद्र कुमार पाठक, जो शासकीय कन्या पाठशाला हनुमना में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें अभी तक निलंबित नहीं किया गया है। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आरोपी शिक्षक को सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। सोनू कुशवाहा ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है, तो उनके परिवार की जान को खतरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## मनगवां पुलिस द्वारा राहगीर के साथ लूट करने वाले 1 आरोपी को मय लूटे गये माल मसरुका के साथ किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मनगवां एसडीओपी श्रीमती प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में थाना हमराह पुलिस स्टाफ ने मिलकर मनगवां थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 544/25 धारा 309(4) बीएनएस के तहत 2 नफर आरोपियों में से एक नफर आरोपी निखिल तिवारी (पिता: अरुण तिवारी, उम्र 20 वर्ष, निवासी हनुमन्ता, थाना मनगवां, जिला रीवा) को मय लूटे गये माल मसरुका और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, 19अक्टूबर को फरियादी संदीप द्विवेदी (पिता: शिवानन्द दुबे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम डेल्ही, थाना मनगवां) अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से गंगेव जा रहा था। जैसे ही वह सेंगरी नदी पुल के पास पहुंचकर फोन में बात करते हुए रुका, पीछे से आ रही बिना नंबर की डीलक्स मोटरसाइकिल में सवार अज्ञात दो व्यक्तियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया।

फरियादी की रिपोर्ट पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, थाना प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह ने टीम गठित की। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी के साथ घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने घटनाक्रम में लूटे गए वीवो कम्पनी का मोबाइल (कीमत 21,000 रुपये) और बायरलेस ब्लूटूथ (कीमत 1,500 रुपये) को जब्त किया। मामले में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश लगातार की जा रही है।

## दिवंगत पुलिस-आर्मी जवानों एसपी ने किया सैल्यूट

### पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, जवानों के नाम पुकार कर किया याद

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक परेड का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर के बगल स्थित शहीद स्मारक, परेड ग्राउंड में संपन्न हुआ, जिसमें जिलेभर से पुलिस बल और अधिकारीगण शामिल हुए।



परेड की शुरुआत परेड कमांडर सूबेदार अमित विश्वकर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी देने से हुई। इसके बाद शहीद पुलिस अधिकारियों के नामों का वाचन किया गया। शहीदों को सलामी और शोक शस्त्र प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद बिगुल द्वारा %लास्ट पोस्ट% बजाकर श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों ने पुष्पमालाएं अर्पित कर देश सेवा में उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का समापन अंतिम सलामी और मार्च पास्ट के साथ हुआ।

इस अवसर पर एसपी दिलीप सोनी ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को 1959 में लद्दाख के हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में तिब्बत सीमा पर शहीद हुए 10 पुलिस जवानों की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन उन सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। पिछले एक वर्ष में देशभर के 191 पुलिसकर्मी शहीद हुए, जिनमें मऊगंज जिले के एएसआई राम चरण गौतम (गडरा घटना) और आरक्षक अजय यादव (हनुमना थाना) भी शामिल हैं। एसपी ने उनके बलिदान को नमन करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## पीट-पीटकर महिला को गंभीर घायल किया, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

### हत्या का केस दर्ज; आरोपी हिरासत में

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई है। यह घटना 17 अक्टूबर को सोहागी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई थी। महिला की मौत के बाद, पुलिस ने अब इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




**शाहपुर गांव में हुई थी मारपीट:** बताया गया कि सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत त्योंथर चौकी के शाहपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। इस मारपीट में एक महिला, रानी कोरी, घायल हो गई थी। उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**महिला पर हुआ था प्राणघातक हमला:** सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर गांव में मारपीट की यह घटना 17 अक्टूबर की है। महिला पर प्राणघातक हमला किया गया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**आरोपी गिरफ्तार, हत्या का मामला दर्ज:** घायल महिला की मौत के बाद, पुलिस ने आरोपी रविशंकर माझी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच और वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सरहंगों से रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराने अतरैला में किया जाएगा आमरण अनशन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी में बीते कई वर्षों से सरहंगों द्वारा तेदुहा नाला पहुंच मार्ग पर बनी पीसीसी सड़क को अतिक्रमण किया गया था। इसे जिला कलेक्टर रीवा के आदेश पर जवा तहसीलदार द्वारा 16 अगस्त को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, और कहा गया था कि बरसात के बाद सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

लेकिन 17 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कोनीकला के सरपंच केदार साहू ने जेसीबी मशीन लेकर सड़क का कचरा साफ करने और निर्माण कार्य कराने के लिए गए, तो सरहंग भू-माफिया प्रवीण मिश्रा के घर की महिलाएं और बेटियां झगड़ा करने लगीं और जेसीबी मशीन के सामने लेट गईं।

इस दौरान मामले को शांत करने गए जनपद सदस्य प्रतिनिधि और भाजपा नेता शिव शंकर तिवारी, ग्रामीण शिव कुमार द्विवेदी और तरुण कुमार द्विवेदी के साथ भी महिलाओं ने मारपीट की, जिससे काम बंद कर दिया गया।

इस स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने चक्काजाम किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि दीपावली तक समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आमरण अनशन किया जाएगा।

21 अक्टूबर को ग्रामीणों ने पोखरी टोला में बैठक कर निर्णय लिया कि आज 22 अक्टूबर से अतरैला बाजार के पीपल के पेड़ के पास सुबह 11 बजे आमरण अनशन किया जाएगा। भाजपा नेता शिव शंकर तिवारी ने सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों से अपील की है कि वे आमरण अनशन में पहुंचकर समर्थन दें।

## शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, सचिव पर मेहरबान जिला पंचायत सीईओ

### जनपद पंचायत जवा द्वारा जिला सीईओ रीवा को सचिव ग्राम पंचायत गाढ़ा 137 के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु 2 बार पत्र दिया गया है

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जवा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गाढ़ा 137 के सचिव अनिल कुमार मिश्रा के भ्रष्टाचार और ग्राम पंचायत में काम न करने के संबंध में ग्रामीणों द्वारा लगातार जवा जनपद पंचायत, जिला पंचायत रीवा और कलेक्टर रीवा से शिकायत की गई है। इस पर जनपद पंचायत जवा द्वारा सचिव के खिलाफ कार्यवाही हेतु जिला सीईओ को पत्र लिखा गया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।




ग्राम पंचायत गाढ़ा 137 में गुणवत्ताविहीन कार्य कराए जाने, 15 अगस्त को ध्वजारोहण न करने और 2 अक्टूबर को कलेक्टर रीवा के आदेश के बावजूद ग्राम सभा का आयोजन न करने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। सचिव मिश्रा को कई बार कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

इसके अलावा, 03 अक्टूबर को समग्र के-वाईसी की प्रगति कम होने और 2024-25 की सी.ए. आडिट न कराने के संबंध में भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, लेकिन उनका जवाब भी नहीं आया।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने हेतु 06 अक्टूबर को सूचना पत्र जारी किया गया, लेकिन सचिव ने न तो जवाब प्रस्तुत किया और न ही शिकायत बंद कराई।

सत्यप्रकाश द्विवेदी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वांछित जानकारी समय पर नहीं देने और ग्राम पंचायत भनिगवां का प्रभार न सौंपने के कारण सचिव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

उक्त कृत्य को कदाचरण मानते हुए अनिल मिश्रा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव जिला सीईओ रीवा को भेजा गया, लेकिन जिला सीईओ कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। यह सवाल उठता है कि आखिर किसके दबाव में जिला सीईओ सचिव पर मेहरबानी कर रहे हैं या मामला कुछ और है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।